CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

स्वस्तिक ऑफसेट & स्क्रीन प्रिंट
उत्कृष्ट एवं कलात्मक छपाई हेतु...
पता : बल्देव बाग, राजनांदगांव मो. 93004-14726

वर्ष- 45 | अंक - 105 | राजनांदगांव, सोमवार 02 मार्च 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत : ट्रम्प बोले- 48 नेता एक झटके में खत्म हुए, ईरान के 9 जहाज डुबोए

तेल अवीव/तेहरान। इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर लगातार दूसरे दिन हमला किया है। हमले में ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया गया। हमले के पहले दिन शनिवार को ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि इन हमलों में 48 ईरानी 'नेता' मारे गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अमेरिका ने ईरान के 9 जहाज डुबो दिए हैं।

इजराइली वायुसेना ने बताया कि उसने अमेरिका के साथ मिलकर पिछले 24 घंटे में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। खामेनेई के ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर 30 मिसाइलों से हमला किया गया। इसमें उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। वहीं, ईरानी सेना ने इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के कई देशों में हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइल में एक हमले में 9 लोगों की मौत हो गई है। तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत भी हो गई है। ईरान में सत्ता संभालने के लिए फिलहाल तीन लोगों की एक अस्थायी समिति बनाई गई है। इस समिति में देश



के राष्ट्रपति मसूद पजश्कियान, न्यायपालिका के प्रमुख मोहसेनी एजेही और धर्मगुरु अली रजा अराफी शामिल हैं। इजराइली सेना आईडीएफ ने तेहरान में हमले का फुटेज जारी किया है। इसमें ईरान के रक्षा मुख्यालय समेत कई सरकारी इमारतों को निशाना बनाया गया था।

### ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया है। इनमें 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं।ईरान ने जवाब में इजराइल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए। उसने कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया।,श्व के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया।

### इजराइल ने 30 घंटे में ईरान पर 2000 बम गिराए

ईरान के साथ युद्ध शुरू होने के पहले 30 घंटों में इजराइली वायुसेना ने 2,000 से ज्यादा बम गिराए हैं। ढ्ढष्ठस्न के मुताबिक, हमलों में ईरानी शासन और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के 9 नौसैनिक जहाजों को नष्ट कर समुद्र में डुबो दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इनमें कुछ बड़े और अहम जहाज भी शामिल हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि बाकी जहाजों को भी निशाना बनाया जा रहा है। ईरान की ओर से भी इस पर कोई तत्काल बयान सामने नहीं आया है। अमेरिकी सेना ने शनिवार रात बी-2 स्टील्थ बॉम्बर्स के जरिए ईरान के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ईरान-इजरायल युद्ध पर पीएम आवास पर बड़ी बैठक शुरु, शाह, जयशंकर, राजनाथ शामिल



नई दिल्ली। अमेरिका और इजरायल के ईरान पर बड़े हमले और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद पश्चिम एशिया में पैदा हुए गंभीर तनाव को लेकर भारत ने उच्च-स्तरीय समीक्षा शुरू कर दी है. नतीजतन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात दिल्ली लौटते ही सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी ऑन सेक्रूटी ( C C S ) की अहम बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं. दो दिवसीय राज्यों के दौरे (राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु और पुडुचेरी) से लौटने के तुरंत बाद पीएम मोदी इसका नेतृत्व कर रहे हैं. दरअसल ष्टष्टस्, देश के सुरक्षा और रणनीतिक मामलों पर निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है. जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हैं. ईरान पर अमेरिका-इजरायलल की संयुक्त हवाई कार्रवाई, खामेनेई की मौत और तेजी से बदलते भू-राजनीतिक हालात के बीच भारत की सामरिक और कूटनीतिक रणनीति पर इस बैठक में विस्तृत चर्चा होने की उम्मीद है.

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए बड़े हमले और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद पश्चिम एशिया में गंभीर भू-रणनीतिक संकट पैदा हो गया है. इसके चलते हजारों भारतीय अलग-अलग देशों में फंसे हुए हैं और हवाई सेवाएं लगभग ठप हैं. खाड़ी क्षेत्र में करीब 90 लाख भारतीय रहते हैं, जबकि ईरान और इज़राइल में भी बड़ी संख्या में भारतीय मौजूद हैं. उनकी सुरक्षा, संभावित निकासी, और भारत पर पड़ने वाले कूटनीतिक-आर्थिक प्रभावों को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में होने वाली आज रात की सीसीएस बैठक बेहद अहम मानी जा रही है.

पीएम मोदी के आवास पर मिडिल ईस्ट संकट पर सीसीएस की बैठक शुरू हो चुकी है. जिसमें रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, विदेश मंत्री समेत वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं. पीएम आवास पर मिडिल ईस्ट संकट को लेकर अहम बैठक कुछ ही देर में शुरू होगी.

## निजी स्कूलों का असहयोग आंदोलन, आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि नहीं बढ़ाने पर बढ़ा आक्रोश



रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन रविवार को किया गया था। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षा के अधिकार कानून के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि नहीं बढ़ाता तब तक प्रदेश के समस्त स्कूल असहयोग आंदोलन करेंगे। असहयोग आंदोलन में स्कूल शिक्षा विभाग के किसी भी कार्य में प्रदेश के निजी स्कूल सहयोग नहीं करेंगे। इसमें स्कूल किसी पत्र, नोटिस, आदेश का जवाब नहीं देंगे।

### हाईकोर्ट में याचिका दायर

एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि 13 वर्षों से शिक्षा के अधिकार कानून के तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूलों को दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि को नहीं बढाने को लेकर उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की गई थी। याचिका के आदेश में उच्च न्यायालय ने अपने अंतिम आदेश में 6 माह के भीतर मांगों पर निर्णय लेने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत खेद का विषय है की गरीब विद्यार्थियों की शिक्षा पर होने वाले व्यय पर स्कूल शिक्षा विभाग संवेदनहीन है और कोर्ट के आदेश की भी अनदेखी कर रहा है। यह आंदोलन प्रतिपूर्ति राशि हमारे निवेदन की गई राशि बढने तक जारी रहेगा।

### राशि बढ़ाने और पिछले 3 वर्षो से प्रदान करने की मांग

संगठन ने स्कूल शिक्षा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नागपुर की विस्फोटक फैक्ट्री में भीषण धमाका : 15 मजदूरों की मौत, 18 से अधिक घायल



नागपुर (दावा)। महाराष्ट्र के नागपुर जिले से रविवार सुबह एक हृदयविदारक खबर सामने आई है। कटोल तहसील के राउलगांव स्थित सोलर एक्सप्लोसिव्स (स्क्ररु एनर्जी लिमिटेड) की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में हुए जबरदस्त धमाके में अब तक 15 कर्मचारियों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। इस हादसे में 18 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कई की हालत नाजुक बनी हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, धमाका सुबह लगभग 7 से 7:15 बजे के बीच हुआ, जब कर्मचारी अपनी शिफ्ट के दौरान काम पर मौजूद थे। ब्लास्ट इतना शक्तिशाली था कि यूनिट का एक बड़ा हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके की गूंज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई। जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुँचीं। मलबे में फंसे कर्मचारियों को निकालने के लिए युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। घायलों को तुरंत पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जिला प्रशासन ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और राहत कार्यों की निगरानी की जा रही है। हादसे के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन शुरुआती कयासों के अनुसार डेटोनेटर पैकिंग के दौरान तकनीकी खराबी या सुरक्षा नियमों की अनदेखी इसकी वजह हो सकती है। कंपनी प्रबंधन ने कहा है कि कारणों की आंतरिक जांच की जा रही है। इस हादसे ने एक बार फिर औद्योगिक क्षेत्रों, विशेषकर विस्फोटक निर्माण इकाइयों में सुरक्षा मानकों की प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## भारत में अब चिप डिजाइन और डीप टेक स्टार्टअप्स पर होगा जोर, अश्विनी वैष्णव ने पेश किया नया विजन



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को गुजरात सेमीकनेक्ट कॉन्फ्रेंस 2026 में देश के भविष्य को लेकर बड़ा रोडमैप पेश किया। उन्होंने कहा कि भारत का सेमीकंडक्टर मिशन अब अपने दूसरे चरण यानी सेमीकॉन 2.0 में प्रवेश कर रहा है। इस नए चरण का मुख्य फोकस डीप टेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना और देश में एक मजबूत डिजाइन इकोसिस्टम तैयार करना है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सेमीकॉन 1.0 का मुख्य लक्ष्य भारत में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स लगाना था। सरकार को इसमें बड़ी सफलता मिली है। अब देश में कुल 10 प्लांट हैं। इनमें से पहले प्लांट ने कल से कमर्शियल उत्पादन शुरू कर दिया है और दूसरा प्लांट भी बहुत जल्द काम शुरू कर देगा। मंत्री ने कहा कि सेमीकॉन 2.0 पिछले चरण से काफी अलग होगा। अब सरकार चाहती है कि भारतीय स्टार्टअप्स दुनिया की दिग्गज कंपनियों जैसे क्वालकॉम, ब्रॉडकॉम और एनवीडिया की तरह पहचान बनाएं। उन्होंने स्वीकार किया कि यह सफर चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सरकार इसके लिए पूरी तरह तैयार और व्यावहारिक है।

## भारत ने कैसे ध्वस्त किए थे पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन, मध्य-पूर्व में तनाव के बीच पीएम का बयान चर्चा में



नई दिल्ली। मध्य-पूर्व में गहराते तनाव से पूरी दुनिया चिंतित है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन की आधिकारिक पुष्टि के बाद इस क्षेत्र में संघर्ष के और अधिक भीषण होने की आशंका जताई जा रही है। इसी बीच, सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक पुराना वीडियो फिर से चर्चा में है। इस वीडियो के माध्यम से 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और भारत की सैन्य शक्ति की सराहना की गई है।

जुलाई 2025 में प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का जिक्र किया था। उन्होंने बताया, 9 मई को पाकिस्तान ने करीब एक हजार मिसाइलों और ड्रोन से भारत पर बहुत बड़ा हमला करने की कोशिश की। यह मिसाइलें भारत के किसी भी हिस्से पर गिरती, तो वहां भयंकर तबाही मचती, लेकिन एक हजार मिसाइलों और ड्रोन को भारत ने आसमान में ही चूर-चूर कर दिया। पीएम मोदी ने आगे कहा, पाकिस्तान ने आदमपुर एयरबेस पर हमले का झूठ फैलाया, उस झूठ को बेचने की भरपूर कोशिश की, पूरी ताकत भी लगा दी। मैं अगले ही दिन आदमपुर पहुंचा और खुद जाकर उनके झूठ को मैंने बेनकाब कर दिया। तब जाकर उनकी अकल ठिकाने लगी कि अब यह झूठ चलने वाला नहीं है। भाजपा की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रधानमंत्री मोदी का वीडियो शेयर किया। उन्होंने लिखा, जब हम दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से तबाही के नजारे देखते हैं, तो यह साफ याद दिलाता है कि शांति कितनी नाजुक हो सकती है। अमित मालवीय ने आगे लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में बताया कि कैसे भारत ने 1000 से ज्यादा मिसाइलों और ड्रोन के हमले को सफलतापूर्वक नाकाम किया और अपने नागरिकों की सुरक्षा व महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा की। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, बदलते युद्ध और मुश्किल सुरक्षा चुनौतियों के इस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रायगढ़ में भीषण हादसे में 2 ड्राइवरों की जिंदा जलकर मौत, तेज रफ्तार हाईवा और ट्रेलर में टक्कर के बाद लगी आग



रायगढ़। रायगढ़ जिले में भीषण सड़क हादसे में दो ड्राइवरों की जिंदा जलकर मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार हाईवा और ट्रेलर के बीच आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों के ड्राइवर केबिन में ही फंस गये। इस दौरान दोनों गाड़ियों में आग लगने से दोनों वाहनों के ड्राइवरों की जिंदा जलने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ये हादसा घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि आज दोपहर के वक् घरघोड़ा से कुडुमकेला मार्ग पर ये हादसा घटित हुआ। जहां तेज रफ्तार हाइवा और ट्रेलर के बीच आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में दोनों वाहनों में आग लग गई। इस दौरान दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों के केबिन में ड्राइवर फंस गए। जिसके कारण उन्हें बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिल सका।

## इंडिगो ने जारी की ट्रैवल एडवाइजरी, मिडिल ईस्ट एयरस्पेस का इस्तेमाल करने वाली फ्लाइट्स पर रोक बढ़ाई



नई दिल्ली। इंडिगो एयरलाइंस ने रविवार को यात्रियों के लिए नई ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। एयरलाइन ने कहा कि वह मिडिल ईस्ट और आसपास के क्षेत्रों में चल रही घटनाओं पर लगातार नजर बनाए हुए है। इस समय परिस्थितियां अनिश्चित लग सकती हैं, लेकिन इंडिगो ने आश्वस्त किया है कि हर निर्णय बड़ी सावधानी और सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया जा रहा है। इस मौजूदा स्थिति को देखते हुए इंडिगो ने मिडिल ईस्ट एयरस्पेस का इस्तेमाल करने वाली चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का अस्थायी निलंबन 2 मार्च 2026, रात 11:59 बजे तक बढ़ा दिया है। यह कदम पूरी तरह से सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उठाया गया है, ताकि यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रभावित उड़ानों की पूरी सूची एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इंडिगो ने कहा कि यात्रा योजनाओं में बदलाव से यात्रियों को असुविधा हो सकती है। जिन यात्रियों की बुकिंग प्रभावित हुई है, वे वैकल्पिक फ्लाइट चुन सकते हैं या पूरा रिफंड भी ले सकते हैं। इससे संबंधित अधिक जानकारी इंडिगो की ऑफिशियल वेबसाइट पर मौजूद है। एयरलाइन ने यह भी बताया कि मिडिल ईस्ट और अन्य प्रभावित अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों के लिए बुकिंग करने वाले यात्रियों के लिए 7 मार्च तक पूरी फ्लेक्सिबिलिटी और शुल्क माफी लागू रहेगी। यह सुविधा उन बुकिंग्स पर लागू है जो 28 फरवरी 2026 या उससे पहले की गई हैं। इस दौरान यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी बुकिंग रद्द कर सकते हैं या नई तिथियों पर यात्रा को कर सकते हैं। इंडिगो ने भरोसा दिलाया है कि आगे आने वाले किसी भी बदलाव की सूचना यात्रियों के रजिस्टर्ड कॉन्टैक्ट नंबर या ईमेल पर दी जाएगी। एयरलाइन ने अपनी तरफ से यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया है और इस समय में उनके सहयोग और समझदारी की सराहना की है।

## छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार के घेरे में 50 बड़े अफसर, कई के खिलाफ अबतक नहीं मिली जांच की अनुमति




रायपुर। प्रदेश में भ्रष्टाचार के घेरे में 50 अधिकारी हैं। इनमें आईएएस, आईपीएस और आईएफएस शामिल हैं। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्लयू) और एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने इन अधिकारियों के विरुद्ध जांच का प्रस्ताव भेजा है, लेकिन अब भी नौ अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की अनुमति अटकी हुई है।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सदन में 13 दिसंबर 2023 से 31 दिसंबर 2025 तक का लिखित ब्यौरा पेश किया। इस रिपोर्ट में चर्चित महादेव एप सट्टा घोटाला, कोयला लेवी घोटाला, शराब घोटाला और वन विभाग की योजनाओं में हुई भारी अनियमितताओं में अधिकारियों के आरोप तय किए गए हैं। इन अधिकारियों पर अनुमति का इंतजार : ईओडब्ल्यू-एसीबी ने कई गंभीर मामलों में राज्य सरकार से हरी झंडी मांगी है, जो महीनों से लंबित है। आईएएस इफ्फत आरा- पाठ्यपुस्तक निगम में कागज खरीदी और परिवहन निविदा में गड़बड़ी के आरोप। (लंबित- 13 अप्रैल 2024 से)। आईएएस संजय अलंग- समाज कल्याण विभाग में निराश्रित राशि में अनियमितता का मामला। (लंबित- 29 जनवरी 2025 से)। आईएएस सुधाकर खलखो- माटीकला बोर्ड में सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप। अन्य आईएफएस अधिकारी- अनूप भल्ला, रमेश चंद्र दुग्गा, केके खेलवार, लक्ष्मण सिंह, चूड़ामणि और एसपी मशीह के खिलाफ भी भ्रष्टाचार और गबन के मामलों में जांच की अनुमति प्रतीक्षित है।

### कोयला-शराब घोटाले की जांच के दायरे में 'बड़े नाम'

कोयला घोटाले की तपिश अब भी बरकरार है। आईएएस समीर बिश्नोई के खिलाफ जनवरी 2026 में जांच की अनुमति मिलने के बाद किरण कौशल, भीम सिंह और जय प्रकाश मौर्य जैसे अधिकारियों पर भी जांच की आंच पहुंच गई है। वहीं, शराब घोटाले में पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांड, अनिल टुटेजा और निरंजन दास पहले से ही रडार पर हैं।

### स्वास्थ्य विभाग में निविदा गड़बड़ी

स्वास्थ्य विभाग में सीजीएमएससी निविदा घोटाले ने भी सरकार की मुश्किलें बढ़ाई हैं। इसमें आइएएस चंद्रकांत वर्मा, अभिजीत सिंह, सीआर प्रसन्ना और कार्तिकेय गोयल के विरुद्ध जांच जारी है। राजस्व विभाग में पटवारी भर्ती परीक्षा की गड़बड़ियों में आइएएस रमेश शर्मा का नाम भी शामिल है।

## सेमीफाइनल में पहुंचा भारत, वेस्टइंडीज को 5 विकेट से रौंदा, संजू सैमसन ने खेली 97 रनों की तूफानी पारी

कोलकाता। भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के अपने आखिरी सुपर-8 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में धमाकेदार एंट्री कर ली है। 5 मार्च को मुंबई के ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में अब भारत का सामना इंग्लैंड से होगा। संजू सैमसन की 97 रनों की नाबाद विस्फोटक पारी इस जीत की सबसे बड़ी आधार बनी, जिसकी बदौलत टीम इंडिया ने एक बेहद रोमांचक लक्ष्य को हासिल किया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 195 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से रोस्टन चेज (40 रन) और अंत में जेसन होल्डर (नाबाद 37 रन) ने आक्रामक बल्लेबाजी की। भारतीय गेंदबाजों के लिए यह चुनौतीपूर्ण दिन था, लेकिन जसप्रीत बुमराह ने एक बार फिर अपनी क्लास दिखाई और 2 महत्वपूर्ण विकेट झटके।



### शुरुआती झटकों के बाद संजू सैमसन का महा-संग्राम

196 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत काफी खराब रही। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन महज 10-10 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। मिडिल ऑर्डर में तिलक वर्मा ने 15 गेंदों पर 27 रन की तेज पारी खेली और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 16 गेंदों में 18 रन जोड़े, लेकिन भारत पर दबाव बढ़ता जा रहा था। ऐसे नाजुक समय में संजू सैमसन ने मोर्चा संभाला। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी में संयम और आक्रामकता का बेहतरीन मिश्रण दिखाया। सैमसन ने मैच को अंत तक ले जाने के लिए कई महत्वपूर्ण साझेदारियां कीं। जिसमें सूर्यकुमार यादव के साथ 35 गेंदों पर 58 रनों की मैच जिताऊ साझेदारी। तिलक वर्मा के साथ 42 रनों का अहम योगदान, हार्दिक पंड्या के साथ 38 रनों की सूझबूझ भरी पार्टनरशिप की। शिवम दुबे के साथ अंत में नाबाद 20 रनों की साझेदारी कर जीत सुनिश्चित की। मैच के अंतिम क्षणों में जब सांसे थमी हुई थीं, तब सैमसन ने धैर्य नहीं खोया। उन्होंने रोमारियो शेफर्ड के ओवर की दूसरी गेंद पर शानदार चौका जड़कर भारत को जीत की दहलीज के पार पहुँचाया। संजू सैमसन 97 रनों पर नाबाद रहे, हालांकि वह अपने शतक से महज 3 रन दूर रह गए, लेकिन उनकी इस पारी ने भारत को विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुँचा दिया है।

CMYK

# आज जलेगी होलिका, कल चंद्रग्रहण के सूतक से थमेगा रंग, अब 4 मार्च को मनेगी धुलेंडी

राजनांदगांव (दावा)। फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को रात्रि काल में आज होलिका दहन का कार्यक्रम विधि-विधान के साथ संपन्न किया जाएगा। होलिका दहन को लेकर लोगों में खासा उल्लास बना हुआ है इसके लिए लोगों ने बसंत पंचमी के दिन से चौक - चौराहे में अरंडी का वृक्ष गाड़ कर इसके इर्द-गिर्द लकड़ियां कंडे आदि इकट्ठा करना शुरू कर दिए थे। वह अब बहुत बड़ा ढेर बन चुका है। उक्त लकड़ी - कंडे के ढेर में आज शुभ मुहूर्त में भगवान श्री हरि विष्णु व उनके परम भक्त प्रह्लाद जी की पूजा कर अग्नि प्रवेश कराया जाएगा। जिससे होलिका धूं- धूं कर जल उठेगी। इस होलिका दहन में अन्याय अत्याचार पर सत्य की जीत मानते हुए लोगों द्वारा खुशियां मनाई जाएगी। ढोल नगाड़े की थाप में झूमा-नाचा जाएगा। फाग गीत सरारा, की टेर बनी रहेगी। जमकर रंग-गुलाल उड़ाया जाएगा। रंगों के पर्व होली के वातावरण वाली खुशियां में इस बार चंद्र ग्रहण का ग्रहण लग गया है। इससे होलिका दहन के ठीक दूसरे दिन घुलेंडी कर रंगों का त्योहार होली नहीं मनाया जा सकेगा। चंद्र ग्रहण के चलते इस बार होली का पर्व एक दिन बाद यानिकि 4 मार्च गुरुवार को मनाई जाएगी।



अन्याय पर सत्य की जीत का पर्व : आज शुभ मुहूर्त में होलिका दहन, फाग गीतों की टेर और नगाड़ों की थाप से गूंजेंगे चौक-चौराहे

### 3 फरवरी की सुबह लगेगा ग्रहण का सूतक

शहर के युवा ज्योतिष दिवाकर बाजपेई ने बताया कि होलिका दहन के ठीक दूसरे दिन 3 फरवरी की सुबह 9 बजकर 7 मिनट से सूतक लग जाएगा। उन्होंने बताया कि 3 मार्च की शाम 5 बजकर 59 मिनट से 6 47 तक चंद्र ग्रहण रहेगा। इसके 9 घंटे पहले सूतक लग जाता है। जिसके बाद मंदिरों के पट बंद हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि सूतक काल में देव -दर्शन,पूजा - पाठ, खाना -पीना सोना व शुभ कार्यों की वर्जना रहती है। यही वजह है कि सूतक काल में होली का त्योहार नहीं मनाया जा रहा। सूतक 9 बजे से प्रारंभ होकर शाम 6 बजकर 47 मिनट पर मोक्ष होगा। जिसके बाद ही मंदिरों के पट खुलेंगे और दूसरे दिन यानि कि गुरुवार 4 फरवरी को धूमधाम के साथ होली का त्योहार मनाया जा सकेगा।

### रंगों के पर्व को लेकर जोरदार तैयारियां

बता दें कि आज की रात पूरे विधि-विधान से होलिका दहन कर लिया जाएगा। इसके दूसरे दिन तो नहीं पर तीसरे दिन रंगो के पर्व होली की धूम रहेगी। ढोल मंजीरे नगाड़ा के थाप के बीच फाग गीतों से माहौल गुंजायमान बना रहेगा। लोगो द्वारा अन्याय अत्याचार पर सत्य धर्म की जीत की खुशी में होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी जाएगी। बढ़े - बुजुर्गों को तिलक लगाकर तथा उनके पैर छूकर उनसे आशीर्वाद ली जायेगी। होली पर्व पर लोग राग द्वेष मिटाकर एक दूसरे को गले लगाएंगे और पर्व पर घरों में बने मीठे व्यंजन का लुत्फ उठाया जाएगा। कहीं फूलों की होली तो कहीं चटख रंगों की तो कहीं चिखला-धुर्रा की होली खेली जाएगी। हर तरफ होली का रंग, मस्ती व मतवालों का संग देखने को मिलेगा। नाचते गाते ठंडई पान कर झूमते होली मनाई जाएगी। होली पर्व को लेकर शहर सहित गांव- देहातों में भी खासा उल्लास बना हुआ है। होली में फाग गीत की धूम रहती है। इसे लेकर समितियों द्वारा जोरों की तैयारियां की गई है। शहर के लखोली, नंदई, मोहारा, चिखली, शंकरपुर आदि सहित अन्य स्थानों में फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इसी तरह गांव विष्णुपुर में फाग प्रतियोगिता घुमका के पूरी पार में लोककला महोत्सव, हरडुवा में फाग प्रतियोगिता आयोजित है।

# डॉ. रमन सिंह की बड़ी सौगात : राजनांदगांव के 147 विकास कार्यों के लिए 10.38 करोड़ स्वीकृत



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह के सतत प्रयासों से राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में विकास की नई गंगा बहेगी। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकार निधि के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए कुल 147 विकास कार्यों हेतु 10 करोड़ 38 लाख 14 हजार रुपये की बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। 28 फरवरी को जारी सरकारी आदेश के अनुसार, यह राशि शहर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर खर्च की जाएगी। डॉ. रमन सिंह ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति क्षेत्र के विकास में एक निर्णायक कदम साबित होगी।

अधोसंरचना विकास निधि से मिली प्रशासनिक मंजूरी, सीसी रोड, सामुदायिक भवन और हाई मास्ट लाइट से चमकेगा क्षेत्र

### स्वीकृत कार्यों की मुख्य सूची

राजनांदगांव के विभिन्न वार्डों और ग्रामों में निम्नलिखित कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। विभिन्न स्थानों पर सीसी रोड, पुलिया और नाली निर्माण। मंगल भवन, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन और सामुदायिक शेड का निर्माण। नए बोर खनन, हाई मास्ट लाइट और एसी/डीसी स्ट्रीट लाइट की स्थापना। ग्रामीण अंचलों में संपर्क मार्गों का विस्तार और सुधारे जाएंगे चौक-चौराहे। जारी आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि स्वीकृत राशि का उपयोग निर्धारित नियमों के तहत होगा और सभी 147 कार्यों को तय समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाएगा। इन कार्यों से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि रात्रि में बेहतर प्रकाश व्यवस्था से सुरक्षा में भी इजाफा होगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार के सकारात्मक दृष्टिकोण से राजनांदगांव निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। इन अधोसंरचनात्मक सुधारों से आमजन के जीवन स्तर में सुधार आएगा और मूलभूत नागरिक सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी।

# नशीली टैबलेट बरामद, नाबालिग सहित चार आरोपियों को पुलिस ने दबोचा; 150 नग जब्त



लखोली अंडरब्रिज के पास घेराबंदी कर दबोचे गए तस्कर; 150 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट व कैप्सूल बरामद

राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में होली पूर्व नशीली टेबलेट बेचने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने धमतरी से शहर आकर नशीली टेबलेट बेचने वाले 03 आरोपी और रायपुर के एक विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से 150 नग नारकोटिक्स टेबलेट/कैप्सूल जब्त की है।

कोतवाली थाना प्रभारी श्री गौतम ने बताया कि नशीली टेबलेट बेचने वाले तीनो आरोपियों को जेल और एक विधि से संघर्षरत बालक बाल सुधार गृह दुर्ग भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन मे होली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्व वातावरण में मनाए जाने व असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही किया जा रहा है।इस दौरान मुखबिर सूचना तंत्र को पुख्ता कर टेबलेट/कैप्सूल के बिक्री के फिराक में घूम रहे 03 धमतरी और 1 रायपुर के आरोपियों को धर दबोचा गया है।

उन्होंने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि लखोली अंडर ब्रिज के नीचे कुछ लोग नशीले टेबलेट/कैप्सूल बिक्री करने आने वाले है इस सूचना पर तत्काल थाने से एक द्वारा टीम तैयार कर तथा सिविल टीम लगाकर रेकी किया गया बाद मौके पर 3 आरोपी और 1 विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से किया गया 150 नग नारकोटिक्स टेबलेट/कैप्सूल जप्त की गई। मौके पर कार्यवाही कर तीनों आरोपी क्रमशः उत्तम नागची पिता चंद्रहास, खोमेंद्र पिता छन्नूलाल साहू रोशन पिता सुनील सिंह राजपूत को जेल भेजा गया।

# अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में एनबीआईएस बोरी बनी चैंपियन, 30 छात्रों ने लहराया परचम

राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में शिक्षा सत्र 2025-26 में ग्यारहवीं वार्षिक अंतरराष्ट्रीय अबेकस, वैदिक व मेंटल मैथ्स ओलंपियाड में प्रतिभागी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शाला परिवार के साथ ही, बच्चे, डायरेक्टर, प्रिंसिपल व कार्डिनेटर को सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय अबेकस, वैदिक व मेंटल मैथ्स ओलंपियाड की फाउंडर रितु अग्रवाल द्वारा स्वयं शाला पहुंचकर सभी को सम्मानित किया गया।



अबेकस और मेंटल मैथ्स में स्कूल को मिला बेस्ट स्कूल रैंक-1 का खिताब, अब दुबई और मलेशिया में दिखाएंगे प्रतिभा

मेंटल मैथ्स ओलंपियाड परीक्षा 20 नवंबर 2025 को आयोजित की गई थी, जिसमें शाला के बच्चों ने आनलाइन परीक्षा देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पहले चरण में चयनित छात्रों ने दिसंबर 2025 को सेमीफाइनल परीक्षा आनलाइन देकर अपना स्थान सुनिश्चित किया। जनवरी 2026 में फाइनल परीक्षा में शामिल छात्रों में से शाला के 30 छात्रों ने विभिन्न विधाओं में अपना स्थान सुनिश्चित किया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड परीक्षा भारत, अमेरिका, दुबई, तजाकिस्तान सहित पूरे विश्व में आयोजित की जाती है। इस वर्ष भारत देश से 6587 छात्र ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जिसमें भारत के दिल्ली, मुंबई, नागपुर, रायपुर, भिलाई सहित विभिन्न देशों के 387 शालाओं ने अपनी सहभागिता दी। इस परीक्षा में भारत देश से 789 छात्र चयनित हुए। जिले के लिए गर्व की बात है कि नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी से 30 छात्र क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए। शाला द्वारा बच्चों की उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी को विशिष्ट पहचान हेतु सम्मानित किया गया। इसी तरह शाला की प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी को आउट स्टेंडिंग लीडर अवार्ड, शाला के अबेकस शिक्षक रमाकांत साहू को बेस्ट कार्डिनेटर अवार्ड तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शाला को बेस्ट स्कूल रेंक वन से सम्मानित किया गया। शाला परिवार के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है।

बच्चों की प्रतिभा अनुसार ब्यौरा इस प्रकार है। केजी-टू से मनवीर सिंह अरोरा को अल्फा, गामा में चैंपियन ट्रॉफी के साथ नकद राशि 3000, कक्षा पहली से रिद्धि सिन्हा व नव्या अग्रवाल को नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा दूसरी से तन्विता सोनी, श्रेणु वर्मा, महिमा कौर, यशिमता चांवड़ा, वी रेयांश सोनी सभी को नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा तीसरी से गामा ग्रुप से मनन अग्रवाल, भुमान्यू दिल्लीवार, अनाया कानुनगो, रेयांश मुदलियार, रावी आहुजा, विराज सिंह चौहान सभी को नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा चौथी से वीरम जैन बिटा गामा ग्रुप में चैंपियन ट्रॉफी के साथ नकद 2000 की राशि प्राप्त हुआ। वहीं गुरशीन कौर अरोरा गामा ग्रुप से नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा पांचवी से रेहत कौर बग्गा, बिटा गमा ग्रुप में चैंपियन ट्रॉफी के साथ 3000 राशि, अनय मोटवानी, रिशित साहू दोनों बिटा गामा ग्रुप से नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, अरनव रामटेके गामा ग्रुप व रेयांश चांवड़ा बिटा ग्रुप से नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा छठवीं से अद्वविता चांवड़ा बिटा गामा तिठा ग्रुप से नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, ईशान साहू नेशनल चैंपियन ट्रॉफी के साथ 1000 राशि, दक्ष भंडारी नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा सातवीं से नितिन वैष्णव बिटा गामा ग्रुप से चैंपियन ट्रॉफी के साथ 2500 की राशि, पलक जोशी, समरिद्धी जैन, तुष्टी साहू तीनों बिटा गामा ग्रुप से नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, वी अरनव सोनी बिटा ग्रुप से नेशनल चैंपियन ट्रॉफी, कक्षा आठवीं से बिटा ग्रुप से प्रखर सोनी, वंश साह व अर्जुन चौहान को नेशनल चैंपियन ट्रॉफी प्राप्त हुए। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी द्वारा सभी पुरस्कृत छात्रों को बधाई देते हुए। आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी गई एवं श्री बाजपेयी ने कहा कि हमारे लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। आज हमारे बच्चों ने हमारी शैक्षणिक गुणवत्ता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिद्ध किया है। साथ ही उन्होंने सभी समर्पित शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि आगामी 22 मार्च को दुबई तथा 4 जून को मलेशिया में अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड परीक्षा हेतु शाला के छात्र चयनित हुए हैं। शाला परिवार द्वारा सभी चयनित छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

# होलिका दहन की पावन अग्नि नकारात्मकता के अंत और नई ऊर्जा का संदेश



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य योगेश खत्री ने होलिका दहन के पावन अवसर पर कहा कि होलिका दहन की अग्नि को सनातन परंपरा में अत्यंत पवित्र और ऊर्जा से भरपूर माना गया है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन की नकारात्मकता, अहंकार और बुराइयों को समाप्त करने का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारे बड़े-बुजुर्गों के अनुसार होलिका दहन की अग्नि की परिक्रमा करना मात्र एक परंपरा का निर्वहन नहीं है बल्कि यह ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और अपनी भूलों के लिए क्षमा याचना करने का एक माध्यम भी है। अग्नि के चारों ओर श्रद्धा और आस्था के साथ परिक्रमा करने से मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति होती है।

श्री खत्री ने आगे आगे कहा कि होली का पर्व हमें आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। होलिका दहन के माध्यम से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हम अपने भीतर की बुराइयों, ईर्ष्या-द्वेष और नकारात्मक विचारों को त्यागकर एक नई शुरुआत करें। यह पर्व सामाजिक समरसता और एकता को सुदृढ़ करने का भी अवसर है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस पावन पर्व को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाएं और समाज में सौहार्द एवं सकारात्मकता का वातावरण बनाए रखें। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए सुरक्षित और स्वच्छ होली मनाने का संदेश भी दिया। अंत में उन्होंने सभी जिलेवासियों को होली और होलिका दहन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।

# तीरंदाजी में संस्कारधानी का दबदबा : राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए 9 खिलाड़ियों का चयन

### विजयवाड़ा में दिखाएंगे कौशल, जंगलपुर केंद्र की 2 वर्षों की मेहनत से तैयार हुए 5 नेशनल खिलाड़ी

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए संघ के 9 खिलाड़ियों ने आगामी 15वीं एनटीपीसी मिनी आर्चरी नेशनल टूर्नामेंट के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 26 मार्च से गुंटूर, विजयवाड़ा में आयोजित होगी। 1 मार्च को रायपुर में आयोजित चयन स्पर्धा में राजनांदगांव के तीरंदाजों ने विभिन्न वर्गों में पदक जीतकर राष्ट्रीय टीम में जगह बनाई। चयनित खिलाड़ियों का विवरण इस प्रकार है। इंडियन राउंड-15 : तिथि चौबे (चौथा स्थान), सुमित यादव (तृतीय स्थान) एवं कुमकुम साहू (पंचम स्थान), इंडियन राउंड-13: मिश्ती सिन्हा (तृतीय स्थान) एवं ओजल कुमार यादव (पंचम स्थान), इंडियन राउंड-10: अक्षत खरे (प्रथम स्थान), मान्या साहू (द्वितीय स्थान), भाव्या साहू (द्वितीय स्थान) एवं अर्थ साहू (चतुर्थ स्थान) रहे।



### जंगलपुर प्रशिक्षण केंद्र बना प्रतिभाओं की खान

संघ द्वारा ग्रामीण प्रतिभाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से 2 वर्ष पूर्व ग्राम जंगलपुर में विशेष इकाई शुरू की गई थी। इस केंद्र की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां के गहन प्रशिक्षण और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत से अब तक 5 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुके हैं। जंगलपुर स्कूल के प्राचार्य और स्थानीय ग्रामीणों का निरंतर सहयोग इन उभरते सितारों को मिल रहा है। इस बड़ी उपलब्धि पर संघ के संरक्षक सांसद संतोष पांडे, खूबचंद पारख, महापौर मधुसूदन यादव और अध्यक्ष राजेंद्र गोलछा सहित अन्य पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। खिलाड़ियों की इस सफलता का श्रेय मुख्य कोच राहुल साहू, कुशल रजक, सहायक कोच अंजली यादव और भूपेंद्र सिन्हा के निःस्वार्थ मार्गदर्शन को दिया गया है। संघ को पूर्ण विश्वास है कि ये खिलाड़ी विजयवाड़ा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले व राज्य का नाम रोशन करेंगे।

# लोहिया पेपर के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़



रायपुर (दावा)। लोहिया पेपर एंड बोर्ड प्रा.लि. रायपुर एवं श्रीराम पैथोलाजी लैब के संयुक्त तत्वाधान में सीएसआर के अंर्तगत 1 मार्च को सुबह 9.30 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर ग्राम पंचायत धनेरी (रंगमंच) गिरौद रायपुर (छग) में सम्पन्न हुआ। जिसमें सीबीसी, ईएसआर, एलएफटी, आरएफटी, थायराईड प्रोफाईल, बीपी शुगर एण्ड फुल बाडी चेकअप आदि का विशेष जांच किया गया। शिविर का शुभारंभमुख्य अतिथि श्रीमति लोकेश नौरंग (सरपंच) धनेली रायपुर (छग) और कम्पनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार झा के हाथों हुआ। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर लाभ लिया।

## सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण



खैरागढ़ (दावा)। संयुक्त कलेक्टर सुमनराज के द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, प्रकरणों के निराकरण की स्थिति तथा पीड़ित महिलाओं को दी जा रही सहायता सेवाओं की विस्तार से जानकारी ली। संयुक्त कलेक्टर सुमन राज ने केंद्र में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दस्तावेजों के संधारण, गोपनीयता एवं त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि संकटग्रस्त महिलाओं को विधिक सहायता, परामर्श, चिकित्सा एवं अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाएं समयबद्ध और संवेदनशील तरीके से उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर केंद्र के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि शासन की मंशानुरूप पीड़ित महिलाओं को त्वरित राहत एवं समुचित मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सरिता यादव पति स्व. श्री तरूण पटेल निवासी शांति नगर वार्ड नं. 10 तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूँ।

यह शपथ करती हूँ कि मेरा पुराना नाम सरिता यादव पति स्व. श्री तरूण पटेल को बदलकर नया नाम सरिता पटेल पति स्व. श्री तरूण पटेल रख ली हूँ।

अतः आज से मुझे मेरे नये नाम नाम सरिता पटेल पति स्व. श्री तरूण पटेल को समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में दर्ज किया जाये। अब से मुझे नये नाम सरिता पटेल पति स्व. श्री तरूण पटेल से ही जाना व पहचाना जावे। अतः नाम परिवर्तन हेतु छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहती हूँ।

**सरिता पटेल**
पति स्व. श्री तरूण पटेल निवासी शांति नगर वार्ड नं. 10 तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)







# आरके नगर चौक पर ट्रेलर और डंपर में भीषण भिड़ंत, केबिन में फंसे चालक को कटर से काटा

राजनांदगांव (दावा)। शहर के व्यस्ततम आरके नगर चौक पर बीती रात एक ट्रेलर और डंपर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में डंपर चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है, जिसका उपचार वर्तमान में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक का पैर ड्राइविंग सीट के बीच बुरी तरह फंस गया था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी नंदकिशोर गौतम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे। उन्होंने बताया कि डंपर चालक केबिन में इस कदर फंस गया था कि उसे सामान्य तरीके से निकालना असंभव था। पुलिस ने तत्काल कटर की व्यवस्था की और काफी मशक्कत के बाद केबिन को काटकर चालक को सकुशल बाहर निकाला। इसके बाद उसे तत्काल एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया।



देर रात हुआ हादसा, गंभीर रूप से घायल चालक मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती, कोतवाली पुलिस ने पाया यातायात पर काबू

### यातायात हुआ बाधित, कार भी आई चपेट में

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने डंपर को जोरदार टक्कर मारी। इस भिड़ंत की चपेट में पास से गुजर रही एक कार भी आ गई, जिसे मामूली रगड़ आई है। हादसे के तुरंत बाद चौक पर लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को किनारे करवाया और घंटों की मशक्कत के बाद यातायात व्यवस्था बहाल की। थाना प्रभारी श्री गौतम ने बताया कि घायलों का इलाज प्राथमिकता पर कराया जा रहा है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और कटर के समय पर उपयोग से चालक की जान बचाई जा सकी।

# नगाड़े की थाप के साथ होली का चढ़ा सुरूर, दमका होली का बाजार

राजनांदगांव (दावा)। शहर में होली पर्व के पहले नगाड़ों की थाप गूंजने लगी है। आसपास के गांव सुकुलदैहान, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ आदि से नगाड़ा बेचने वाले आकर शहर में डेरा डाल लिए है। महावीर चौक फ्लाईओवर के नीचे व शहर के अन्य स्थानों में नगाड़ा बेचने वाले नगाड़ों की गूंज के साथ लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

शहर में नगाड़ा बेचने के लिए निगम के सामने फ्लाई ओवर नीचे डेरा जमाए सुकुलदैहान के व्यवसायी ने बताया कि इस साल नगाड़ों के दाम में कोई खास इजाफा नहीं हुआ है। छोटा नगाड़ा टिमटिमाते 100 जोड़ी, इससे थोड़ा बड़ा 250 से 300 रुपए और इससे बड़ा 500 से 1000 रुपए जोड़ी बेचना बताया। बड़ा नगाड़ा 5 से 7 हजार रुपए तक बेचा जाना बताया। मोलभाव होने पर रेट में कमी-बेशी कर दी जाती है। उन्होंने बताया कि होली का पर्व नजदीक आते ही नगाड़ों की बाजार गर्म बना हुआ है।

### ग्रामीण अंचल में गूंजने लगी नगाड़ों की थाप

बता दें कि होली का त्योहार नजदीक आते ही शहर के मुहल्ले व गांव- देहातों में नगाडे की थाप गूंजने लगती है।आजकल इसमें कमी आ गई है।इसके ट्रैंड में चेंज आ गया है। जगह-जगह फाग गीत गायन प्रतियोगिता होने से होली का माहौल बनने लगा है। लोग नगाड़े की थाप पर फाग गीत में झूमने नाचने लग जाते हैं। इससे हर जगह फाग गीत की सरारा, सुन ले मोर कबीर,,,मन डोले रे, मांघ फागुनवा,, होली है,व रंग बरसे जैसे गीतों में जमकर होली का माहौल बन रहा है। वहीं डीजे की धुन में नाचने झूमने वालो की



**रंग-गुलाल की सजी दुकानों में जमकर हो रही बिक्री**

संख्या भी अधिक है। लेकिन इसे तेज आवाज में बजाने के लिए रोक लगी हुई है। बच्चों की परीक्षा को देखते हुए पुलिस की नजर इस ओर बनी हुई है।

### लोगों के हाथों से पैसा आते ही दमका होली का बाजार

छोटे-बड़े चाहे कोई भी त्योहार हो इसे खुशी-खुशी मनाने के लिए हाथ में पैसा होना जरूरी है। रंगों का पर्व होली के पूर्व किसानों के हाथों में राज्य सरकार ने अंतर राशि का वितरण किया है। इधर सरकारी व निगम कर्मियों के हाथों में भी वेतन आ गया है। इससे बाजार में रौनक देखने को मिल रहा है। वेतन व अंतर राशि जारी होने से होली का बाजार दमक उठा है।

बाजार में जगह-जगह सजे रंग-गुलाल पिचकारियो की दुकानों में जमकर बिक्री हो रही है। बता दें कि बाजार में चाइना ब्रांड के चीजों का कब्जा आज भी बना हुआ है। स्वदेशी प्रेमी लोग हालांकि चाइना ब्रांडेड पिचकारी, मुखौटे टोपियां व रंगों पर रुचि नहीं दिखाते। होली गुजरी बच्चे इन पिचकारियों को तोड़-फोड़ कर फेंक दिये। अतः एक ही बार इस्तेमाल के लिए चाइना ब्रांड अच्छा होता है इसलिए बाजार में इसका कब्जा बना हुआ है।

गुड़ाखू लाइन में रंग गुलाल पिचकारी की दुकान लगाने वाले देवांगन ने बताया कि बाजार में स्वदेशी व चीनी दोनों तरह के आइटम बिक रहे हैं। उन्होंने बताया कि देशी चीजों में हर्बल पैकेट वाले आर्युवेदिक गुलाल की अच्छी मांग बनी हुई है वहीं महिला समूहों द्वारा महुआ फूलों से बने रंग - गुलाल भी अच्छे पसंद किए जा रहे हैं। नगर निगम के सामने दुकान लगाए व्यवसायी ने बताया कि उनके यहां इस बार नए प्रकार आइटम वाली पिचकारियां बच्चों को लुभा रहे हैं इसमें बटन दबाते ही गाना सुनाते हुए रंग छोड़ने वाला इलेक्ट्रॉनिक इन, तीर कमान, मुखौटे, गुब्बारे रंग-बिरंगी नकली बाल, दाढ़ी मूंछ आदि की अच्छी मांग बनी हुई है। रंग गुलाल व पिचकारियों की कम से कम कीमत 20-25 रुपए है। इलेक्ट्रॉनिक गन व तीर के माध्यम से रंगों का फव्वारा छोड़ने वाले कमान आदि की कीमत 500 रुपए के आसपास है, वहीं नई व्हेराइटी वाली पिचकारियां 2 से 3 हजार रुपए तक की है। बाजार में होली पर बच्चों व बड़ों के लिए टी शर्ट 60 से 100 रुपए से तथा महिलाओं के लिए कुर्ती 150 रुपए में बिक रही है।

# लालबाग पुलिस के हत्थे चढ़े शांति भंग करने वाले 5 आरोपी

**आरोपियों के विरूद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही**



राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में शांति भंग करनु वाले 5 बदमाशों को धर दबोचा है। थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में आगामी होली पर्व के मद्देनजर थाना क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है उक्त के तारतम्य मे 1 मार्च रविवार को लालबाग थाने में अपराध क्रमांक 01. 18/03/2026 धारा 170/126,135 3 bnss का रूपराम निर्मलकर पिता केशव निर्मलकर उम्र 38 साल निवासी भानपूरी व क्रमांक 19/35/26 धारा 170/126 135 3 bnss के तहत रमेश गिरी पिता दहन गिरी उम्र 45 वर्ष निवासी स्टेशनपारा पुलिस चौकी चिखली एवं राका ठाकुर पिता हर नारायण ठाकुर उम्र 62 वर्ष निवासी शांति नगर पुलिस चौकी चिखली व राहुल महानंद पिता बहादेर महानंद उम्र 25 वर्ष निवासी दुर्ग स्टेशन थाना मोहन नगर जिला दुर्ग सहित क्रमांक 20/36/2026 धारा 170/126, 135-3 बीएनएसएस के तहत संगीता पति अमर छेदेया उम्र 30 वर्ष निवासी भटगांव पुलिस चौकी जेवरा सिरसा जिला दुर्ग को हिरासत में लेकर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन सभी आरोपियो को जेल भेज दिया गया है।

# सिंघोला के महाकाल मंदिर में तीन दिवसीय होली उत्सव की धूम, उज्जैन की तर्ज पर मनेगा रंगोत्सव



**2 मार्च को होलिका दहन; बाबा महाकाल के साथ फूलों और प्राकृतिक रंगों से खेलेंगे श्रद्धालु**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के समीपस्थ ग्राम सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर में इस वर्ष होली का पर्व बेहद भव्य और आध्यात्मिक स्वरूप में मनाया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा तीन दिवसीय विशेष उत्सव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस आयोजन की खास बात यह है कि यहाँ विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग उज्जैन की परंपराओं का निर्वहन किया जाएगा। उत्सव का आगाज 2 मार्च को होगा। शाम 5 बजे से मंदिर परिसर में भक्तिमय भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात रात्रि 7 बजे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ होलिका दहन संपन्न होगा। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी आहुति देंगे। आयोजन को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि कालों के काल महाकाल पर किसी भी प्रकार के ग्रहण की छाया या सूतक का प्रभाव नहीं पड़ता। अतः परंपरा अनुसार निर्धारित तिथियों पर ही होलिका दहन और रंगोत्सव के सभी कार्यक्रम संपन्न होंगे। भक्तजन पूरी श्रद्धा के साथ इन आयोजनों में शामिल हो सकते हैं।

### रंगोत्सव और फूलों की होली

3 माच को रात्रि 7:30 बजे ग्रहण समाप्ति के पश्चात मंदिर परिसर में भव्य रंगोत्सव मनाया जाएगा। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच भक्त बाबा महाकाल के साथ गुलाल उड़ाएंगे। 4 माच को सुबह 5 बजे और पुनः 8:30 बजे बाबा महाकाल एवं बाबा चंद्रमौलेश्वर के साथ प्राकृतिक एवं फूलों की होली खेली जाएगी। पूरा परिसर शिवमय और अबीर-गुलाल के रंगों में सराबोर रहेगा। महाकाल सेना और मंदिर समिति ने आयोजन को भव्य रूप देने के लिए विशेष साज-सज्जा और महाप्रसाद की व्यवस्था की है। समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे रसायनों का त्याग कर केवल प्राकृतिक रंगों और फूलों से होली खेलें, ताकि पर्यावरण और स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। यह तीन दिवसीय उत्सव आस्था, परंपरा और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम होगा।

# सफलता की नई उड़ान : सनसिटी के श्रीधर माहेश्वरी प्रथम प्रयास में बने चार्टर्ड अकाउटेंट



**सनसिटी निवासी सुशील माहेश्वरी के सुपुत्र ने बढ़ाया राजनांदगांव का मान, माहेश्वरी परिवार में हर्ष की लहर**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में निरंतर अपनी चमक बिखेर रही हैं। इसी कड़ी में शहर के सनसिटी निवासी सुशील माहेश्वरी एवं माता कृष्णा माहेश्वरी के सुपुत्र श्रीधर माहेश्वरी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से चार्टर्ड अकाउटेंट की प्रतिष्ठित परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल की है। श्रीधर माहेश्वरी की इस शानदार सफलता ने न केवल उनकी प्रतिभा को सिद्ध किया है, बल्कि पूरे परिवार और समाज का नाम गौरवान्वित किया है। सीए जैसी कठिन परीक्षा को पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण करना उनकी विषयों पर पकड़ और निरंतर परिश्रम का परिणाम है। इस बड़ी उपलब्धि पर समस्त माहेश्वरी परिवार को ईष्ट-मित्रों और गणमान्य नागरिकों द्वारा ढेरों शुभकामनाएं मिल रही हैं। परिवार के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए श्रीधर के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ईश्वर से प्रार्थना है कि श्रीधर जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित करें और देश की आर्थिक उन्नति में अपना योगदान दें।

# मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में होलिका दहन 2 को



**चन्द्रग्रहण 3 को के कारण मंदिर के पट रहेंगे बंद**

राजनांदगांव (दावा)। मानव सेवा एवं जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी नगर की सेवाभावी संस्था बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा बर्फानी आश्रम परिसर में 2 मार्च सोमवार की मध्य रात्रि पश्चात होलिका दहन किया जाएगा एवं 3 मार्च मंगलवार को चंद्रग्रहण के चलते मंदिर के पट संध्या ग्रहण समाप्ति तक बंद रहेंगे। संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि मां काली स्वरूपनी पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्दू पर्व में से एक फागुन मास की पूर्णिमा पर पड़ने वाली होलिका दहन 2 मार्च सोमवार को मध्य रात्रि पश्चात विधि विधान से पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया जाएगा। आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहाद्र का यह पर्व फागुन की मस्ती व रंग गुलाल के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक फाग गीतों के माध्यम से लोक कलाकार व बैगा ग्रुप के सदस्य इस अवसर पर ढोल नगाड़ों के साथ फाग गीतों की प्रस्तुति भी देते हैं। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, कूलबीर सिंह छाबड़ा, सूरज जोशी, आलोक जोशी, बलविंदर सिंह भाटिया, मनीष परमार, संजय खंडेलवाल, लीलाधर सिंह के अलावा आसपास के मोहल्लेवासी व श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित रहेंगे।

### चंद्रग्रहण पर मंदिर के पट बंद रहेंगे

देश में पहचान बना चुकी मां काली स्वरूपनी पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दस महाविद्या द्वादश ज्योतिर्लिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ के तीनों तलों में विराजमान देवी देवताओं के साथ ही रामदरबार एवं पारेश्वर महादेव व श्री बर्फानी दादा के मंदिरें के पट 3 मार्च मंगलवार को चंद्रग्रहण होने के कारण प्रातः आरती पूजन पश्चात सुतक प्रारंभ 9 बजे से चंद्रग्रहण समाप्ति संध्या 7 बजे तक बंद रहेगी। इसके पश्चात देवी देवताओं का गंगाजल व शुद्ध जलों से स्नान ध्यान करने के पश्चात आरती पूजन की जाएगी।

# संकल्प बजट से विकास को नई दिशा संस्कारधानी को मिलेगी प्रगति की रफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत संकल्प बजट को लेकर शहर में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। संस्कारधानी सेवा संस्थान के प्रमुख सदस्यों संजय तेजवानी, अमित खंडेलवाल एवं राजू डागा ने बजट को राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र को नई गति और नई दिशा देने वाला है।

संस्थान के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि प्रस्तुत बजट में विकास की जो रूपरेखा सामने आई है, उससे छत्तीसगढ़ प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा और आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। संस्कारधानी सेवा संस्थान के प्रतिनिधियों ने अपने योग्य जनप्रतिनिधियों से राजनांदगांव शहर के समग्र विकास हेतु विशेष पहल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि शहर में एक बड़े एवं आधुनिक व्यावसायिक बाजार की स्थापना की आवश्यकता है जिससे व्यापार को नई पहचान और रोजगार के अवसर मिल सकें।

इसके साथ ही शहर के समीप बड़े उद्योगों की स्थापना की मांग भी रखी गई जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके और क्षेत्र आर्थिक रूप से सशक्त बने। संस्थान के सदस्यों ने राजनांदगांव जिसे राजाओं की नगरी के नाम से भी जाना जाता है में भविष्य को ध्यान में रखते हुए मेट्रो ट्रेन परियोजना की संभावना पर भी विचार करने की अपील की।

उनका मानना है कि यदि शहर में आधुनिक परिवहन व्यवस्था विकसित होती है तो इससे व्यापार, शिक्षा, पर्यटन एवं उद्योग सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। संस्कारधानी सेवा संस्थान ने विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की तर्ज पर विकसित संस्कारधानी का संकल्प दोहराया। उन्होंने अपने सक्षम एवं विकास पुरुष जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे शहर के व्यापक विकास के लिए ठोस और दूरदर्शी कदम उठाएंगे। अंत में संस्थान के पदाधिकारियों ने कहा कि यह बजट प्रदेश के लिए आशा और विश्वास का दस्तावेज है और यदि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए तो राजनांदगांव सहित पूरा छत्तीसगढ़ प्रगति के नए शिखर पर पहुंचेगा।

# गायत्री शक्तिपीठ में आज जलेगी वैदिक होली



**वेद मंत्रों के बीच होगा होलिका दहन, चंद्रग्रहण पर मंदिर के पट रहेंगे बंद**

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ प्रांगण में आज 2 फरवरी सोमवार को वेदिक होली जलाई जाएगी। शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व प्रबंध ट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को वेद मंत्रों के बीच रात्रि साढ़े 8 बजे होलिका दहन किया जाएगा। शक्तिपीठ प्रांगण में आयोजित होलिका दहन की एक विशेषता रहती है जिसमें लकड़ी व कंडो के साथ लोगों में सद साहित्य का प्रचार प्रसार करने अश्लील साहित्य गंदी पुस्तकें, फोटो आदि की होली जलाई जाती है। इस दौरान गायत्री परिजनों द्वारा भजन-पूजन का माहौल बना रहता है।

### चंद्र ग्रहण पर मंदिर के पट रहेंगे बंद

शक्तिपीठ के व्यवस्थापक भाई ओमप्रकाश ने बताया कि 3 फरवरी को चंद्र ग्रहण का सूतक लगने के कारण मंदिर के पट दिन भर बंद रहेंगे। इसी तरह मंदिर परिसर में प्रतिदिन शाम को आयोजित रहने वाले निशुल्क चिकित्सा शिविर भी बंद रहेंगे ।

बता दें कि सेवा को धर्म मानते हुए गायत्री शक्तिपीठ द्वारा मंदिर परिसर में रोजाना साढ़े 4 बजे से देर शाम साढ़े 6 बजे तक निःशुल्क होमियोपैथी चिकित्सा व सुजोक तथा एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का संचालन किया जा रहा है। जिसका लाभ लेने बड़ी संख्या में पीड़ित जनों की आमद होती है। उक्त चिकित्सा को रविवार के दिन अवकाश रखा गया है। लिहाजा 3 फरवरी को चंद्र ग्रहण के चलते मंदिर के पट बंद रहेंगे।

# महावीर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर से 1269 लाभान्वित



**त्वचा रोग के पीड़ितों की भीड़ ज्यादा रही**

राजनांदगांव (दावा)। सदर बाजार स्थित जैन बगीचा में श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ राजनांदगांव एवं श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवा मंडल के तत्वावधान में 28 फरवरी एवं 1 मार्च को दो दिवसीय महावीर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के अंतिम दिन आज भी 526 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। 28 फरवरी को शिविर में 743 एवं आज 526 कुल 1269 लोगों का उपचार एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के मैनेजिंग ट्रस्टी अजय सिंगी एवं ट्रस्टी जीवनचंद बैद, ललित भंसाली, रोशन गोलछा,भावेश बैद ने बताया कि शिविर में सुबह से बड़ी संख्या में मरीज पंजीयन के लिए पहुंचने लगे, शाम चार बजे तक लगातार जांच और परामर्श का सिलसिला चलता रहा। जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक युवक मंडल के अध्यक्ष सुनील बैद ने बताया इस दो दिवसीय शिविर में डॉ. एएस दीक्षित, डॉ. एमके दिवाकर, डॉ. प्रकाश सदानी, डॉ. पारस सोनी, डॉ. आदित्य पारख एवं डॉ. चिन्मय डाकलिया, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पुखराज बाफना, डॉ. विक्रम बैद, डॉ. अनिमेष गाँधी, डॉ. मयंक सुराना, एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. दीप नारायण शुक्ला, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्यांशी जैन एवं डॉ. निकिता जैन एवं डॉ. नीरजा, एमडी मेडिसिन डॉ. एचएल मोतीरमानी, डॉ. अर्पण जैन, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय वाचच्चानी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव जैन, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीकांत पारख, डॉ. प्रतिक लालवानी, डॉ. प्रशांत कोठारी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सार्थक बाफना एवं उदयाचल टीम, श्वसन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रकांत उसेंडी, डॉ. वर्षा विश्वनाथ, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव जैन, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुगंधा गांधी, डॉ. सिद्धार्थ गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श भी दिया और मरीजों की प्राथमिक जांच के बाद दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। दूसरे दिन बड़ी संख्या में शुगर, बीपी और थायराइड से पीड़ित मरीजों के अलावा त्वचा रोग के पीड़ित पहुंचे। शिविर में जैनम बैद, यश ललवानी, राजा पारख, कुशल कोठारी, रवि गोलछा, रोहन नवलखा, समकित गोलछा, उज्जवल लुंकड, हुनर बरड़िया, आदित्य कोचर सहित जैन समाज के युवाओं का सराहनीय सहयोग रहा। यह जानकारी मोहिल कोटड़िया ने दी।

# सफाई कर्मियों की होली पर संकट : तीन माह का वेतन बकाया, मिला सिर्फ दो माह का पगार



**नगर निगम की संवेदनहीनता : सेवानिवृत्त कर्मचारी भी अंतिम 6 माह के वेतन के लिए काट रहे दफ्तरों के चक्कर**

राजनांदगांव (दावा)। होली जैसे रंगों और खुशियों के पर्व के बीच नगर निगम के सफाई कर्मियों के घरों में इस बार मायूसी का साया छाया हुआ है। महीनों से वेतन नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। त्यौहार के समय जहां हर घर में खुशियां होनी चाहिए वहीं सफाई कर्मियों के परिवारों में चिंता और असंतोष का माहौल है। जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा तीन माह के बकाया वेतन में से केवल दो माह का ही भुगतान किया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि शासन स्तर पर किसी भी त्यौहार में वेतन नहीं रोकने की बात कही जाती है।लेकिन स्थानीय स्तर पर इस निर्देश का पालन नहीं हो रहा है। सफाई कर्मियों का आरोप है कि होली जैसे बड़े पर्व में भी पूरा भुगतान न किया जाना उनके साथ अन्याय है। वेतन के अभाव में घर खर्च, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी जरूरतों को पूरा करना मुश्किल हो गया है। स्थिति और भी गंभीर तब हो जाती है जब सेवानिवृत्त कर्मचारी भी अपने आखिरी छह माह के वेतन के लिए आयुक्त और महापौर कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उम्र के इस पड़ाव में उन्हें राहत मिलनी चाहिए लेकिन भुगतान न मिलने से वे मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। राज्य सफाई आंदोलन की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती बबिता कुलदीप जो स्वयं वार्ड क्रमांक 26 गोल बाजार गुडाखू लाइन जयस्तंभ चौक क्षेत्र में सफाई कार्य करती हैं।

उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी पूरी ईमानदारी और लगन के साथ शहर की स्वच्छता बनाए रखने में जुटे हैं, लेकिन उनके परिश्रम का सम्मान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने शासन का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी त्यौहार में कर्मचारियों का वेतन नहीं रोका जाना चाहिए। फिर भी नगर निगम द्वारा तीन माह के भुगतान में सिर्फ दो माह का वेतन दिया जाना पूरी तरह अनुचित है। नगर निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली पर अब सवाल उठने लगे हैं। सफाई कर्मियों का कहना है कि यदि समय पर वेतन नहीं मिला तो वे आंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं। त्यौहार के समय कर्मचारियों की उपेक्षा से प्रशासन की संवेदनहीनता उजागर हो रही है। सफाई कर्मियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बकाया वेतन का जल्द से जल्द पूरा भुगतान किया जाए, ताकि वे भी अपने परिवार के साथ होली का पर्व सम्मान और खुशी के साथ मना सकें। रंगों के इस त्यौहार में जहां पूरा शहर खुशियां मनाने की तैयारी में है। वहीं शहर को स्वच्छ रखने वाले कर्मियों की जिंदगी में आर्थिक तंगी का रंग चढ़ा हुआ है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन उनकी मांगों पर कब तक संज्ञान लेता है।

# खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के जन्मदिन पर उमड़ा जनसैलाब, समर्थकों ने मनाया जश्न



**छछानपहरी, कुमरदा और बांधाबाजार में आत्मीय अभिनंदन, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने दी दीर्घायु की शुभकामनाएं**

राजनांदगांव (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भोलाराम साहू का जन्मदिन इस वर्ष क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में उत्साह, उमंग और जनस्नेह के साथ धूमधाम से मनाया गया। ग्राम छछानपहरी, कुमरदा एवं बांधाबाजार में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### ग्राम छछानपहरी में आत्मीय अभिनंदन

ग्राम छछानपहरी में विधायक जी के आगमन पर ग्रामीणों ने पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया। गांव के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं एवं महिलाओं ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर जनसेवा के लिए कामना की। केक कटिंग के साथ जन्मदिन समारोह हर्षोल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिए आभार भी व्यक्त किया।

### कुमरदा में उमड़ा जनसैलाब

विकासखंड छुरिया के ग्राम कुमरदा में विधायक जी के जन्मदिन पर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम स्थल पर बधाइयों की गूंज, तालियों की गड़गड़ाहट और जनस्नेह की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। उपस्थित जनसमूह ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर केक कटवाया और उनके नेतृत्व में क्षेत्र के सतत विकास की सराहना की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विधायक जी के जनहितकारी कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

### बांधाबाजार में उत्सवमय माहौल

ग्राम बांधा बाजार में भी विधायक जी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान विधायक जी ने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। तीनों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। हर जगह उत्साह, उल्लास और अपनत्व का वातावरण देखने को मिला। विधायक के प्रति जनता का अपार स्नेह और विश्वास एक सशक्त जनप्रतिनिधि की पहचान के रूप में सामने आया। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने विधायक भोलाराम साहू जी के स्वस्थ, दीर्घ और सफल सार्वजनिक जीवन की कामना करते हुए क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभेच्छा प्रकट की।

## अनमोल दावा

**सम्पत्ति के उत्तराधिकारी कई हो सकते हैं लेकिन कर्म के हकदार हम स्वयं होते हैं।**

# कठघरे में खड़ीं जांच एजेंसियां, नई व्यवस्था की जरूरत

दिल्ली शराब घोटाले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने सीबीआई की चार्जशीट में खामियां पाईं और कहा कि कोई साजिश नहीं थी। दिल्ली के बहुचर्चित शराब घोटाले में सीबीआई की राऊज एवेन्यू कोर्ट की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपितों को बरी किया जाना जहां इन दोनों नेताओं और उनकी पार्टी के लिए एक बहुत बड़ी जीत है, वहीं जांच एजेंसी के साथ-साथ भाजपा के लिए बड़ा झटका है। अदालत ने यह पाया कि पूरे मामले में कोई साजिश नहीं थी और सीबीआई ने केवल अनुमान के आधार पर षड्यंत्र की कहानी गढ़ी। विशेष जज ने अपने फैसले में यह भी कहा कि मैं पहली बार ऐसी चार्जशीट देख रहा हूं, जिसमें इतनी अधिक खामियां हैं। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी बात कही। जब केजरवाल सरकार नई आबकारी नीति लाई थी तो कांग्रेस-भाजपा ने इसे घोटाले का नाम दिया। इसके बाद उपराज्यपाल की पहल पर मामला दर्ज हुआ और जांच सीबीआई को सौंपी गई। इस दौरान ऐसे आरोप उछले कि आबकारी नीति के जरिये कुछ लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाने से दिल्ली सरकार को दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

इस मामले में सीबीआई के बाद ईडी ने भी दखल दिया, लेकिन सीबीआई का केस खारिज होने के बाद ईडी के मामले के भी खारिज होने के आसार हैं। इन दोनों जांच एजेंसियों ने इस कथित घोटाले को लेकर पर्याप्त साक्ष्य होने के दावे किए और फिर एक के बाद एक कई लोगों को गिरफ्तार किया। प्रमुख लोगों में पहले मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हुए और फिर अरविंद केजरीवाल। दोनों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल सकी।

हालांकि सीबीआई केजरीवाल, सिसोदिया और अन्य को बरी करने के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाई कोर्ट गई है, पर राऊज एवेन्यू कोर्ट के जज ने उसके खिलाफ जैसी टिप्पणियां की हैं, उनसे यह संदेह होता है कि कहीं सीबीआई ने मनमाने तरीके से तो जांच नहीं की? यही सवाल ईडी को लेकर भी है। ध्यान रहे कि न जाने कितने ऐसे मामले हैं, जिनमें सीबीआई प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट और ईडी प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत मिली शक्तियों के सहारे नेताओं, कारोबारियों समेत अन्य अनेक लोगों को घपले-घोटालों के आरोप में गिरफ्तार कर लेती है और फिर उनमें से अधिकांश साक्ष्य के अभाव में बरी हो जाते हैं, लेकिन जब तक ऐसा होता है, तब तक संबंधित व्यक्ति की प्रतिष्ठा पर आंच आ चुकी होती है और उसकी भरपाई नहीं हो पाती। इसीलिए राऊज एवेन्यू कोर्ट के जज ने कहा कि जब किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता बाधित हो जाती है तो उसके बरी होने के बाद भी वह सार्थक रूप से बहाल नहीं होती और अन्यायपूर्ण हिरासत से हुई क्षति की पूर्ति भी नहीं हो पाती। वास्तव में ऐसे लोगों को आर्थिक के साथ सामाजिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। नेता भी नुकसान उठाते हैं, लेकिन बरी होने के बाद वे लोगों की हमदर्दी हासिल कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करते हैं।

उन्हें यह प्रचारित करने में आसानी होती है कि वे राजनीतिक बदले की कार्रवाई का शिकार हुए। इस पर हैरानी नहीं कि केजरीवाल ने ऐसा कहना शुरू कर दिया है। उन्हें नई राजनीतिक ऊर्जा मिली है और इसका असर आने वाले दिनों में पंजाब, गुजरात और दिल्ली की राजनीति में दिख सकता है। चूंकि आम आदमी पार्टी कांग्रेस के वोट में सेंधमारी करती है, इसलिए उसका चिंतित होना स्वाभाविक है।

अब यह आम बात है कि घपले-घोटालों के कई मामलों में सीबीआई के साथ ईडी भी जांच शुरू कर देती है। जब ईडी किसी को गिरफ्तार करती है तो उसे जमानत मिलना कठिन हो जाता है। कई बार जमानत इसलिए नहीं मिलती, क्योंकि सीबीआई और ईडी की ओर से इस पर जोर दिया जाता है कि जेल से बाहर आने पर आरोपित गवाहों को प्रभावित कर सकता है। कहना कठिन है कि राऊज एवेन्यू कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट गई सीबीआई को क्या हासिल होगा, लेकिन जब तक हाई कोर्ट भिन्न निर्णय नहीं देता, तब तक भाजपा एवं मोदी सरकार को केजरीवाल और उनके साथियों की आलोचना का सामना करना होगा।

# भारत की बैंकिंग व्यवस्था में अंदरूनी मिलीभगत का संकट

**अश्वनी कुमार गुप्ता (सी.ए.)**

**भारत में बैंकिग से जुड़े बड़े घोटाले अक्सर किसी भारत हैकर या बाहरी हमले की बजह से नहीं होते, बल्कि उन लोगों की वजह से होते हैं, जिन पर सिस्टम ने भरोसा किया होता है। पिछले 15 वर्षों में बैंकों को जो भारी नुकसान हुआ है, वह ज्यादातर अंदर बैठे लोगों की मिलीभगत का नतीजा है। पंजाब नैशनल बैंक के लगभग 14,000 करोड़ रुपए के घोटाले से लेकर हाल में आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में सामने आए 590 करोड़ रुपए के मामले तक एक ही कहानी बार-बार दोहराई जाती है, आपसी सांठगांठ से पूरा ढांचा ढह जाता है। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े बताते हैं कि 2023-24 में धोखाधड़ी के 36,000 से ज्यादा मामले सामने आए। 2024-25 के पहले 6 महीनों में ही 21,000 करोड़ रुपए से अधिक की गड़बड़ियां दर्ज हुई। पिछले 10 साल में बैंकों ने लगभग 16 लाख करोड़ रुपए के कर्ज को खराब मानकर अपने खातों से हटा दिया। बैंकिंग का आधार भरोसा है। इस भरोसे को बनाए रखने के लिए बैंक में 2 लोगों की मंजूरी की व्यवस्था, अंदरूनी जांच, बाहरी जांच और ऊपर से निगरानी जैसी कई परतें बनाई जाती हैं। लेकिन ये व्यवस्थाएं आम तौर पर छोटी गलती पकड़ने के लिए होती हैं। जब जांच करने वाला और मंजूरी देने वाला दोनों ही मिल जाएं, तो गड़बड़ी लंबे समय तक छिपी रह सकती है।**




पंजाब नैशनल बैंक का मामला इसका बड़ा उदाहरण है। कई वर्षों तक एक ही शाखा से बिना भारत की बैंकिंग व्यवस्था में अंदरूनी मिलीभगत का संकट सही गारंटी लिए विदेशों में कर्ज लेने के लिए बैंक की ओर से कागज जारी किए जाते रहे। ये कागज बैंक के मुख्य रिकॉर्ड में दर्ज ही नहीं किए गए क्योंकि 2 अलग-अलग कम्प्यूटर प्रणालियां आपस में जुड़ी नहीं थीं, इसलिए गड़बड़ी 7 साल तक किसी को पता नहीं चली। जब एक नया अधिकारी आया और उसने नियम के अनुसार सुरक्षा की मांग की, तब जाकर सच्चाई सामने आई। डूबे हुए कर्ज (एन.पी.ए.) का संकट एक अलग ही तस्वीर सामने लाता है, ऐसे कर्ज जो शुरू से ही ऐसे हालात में दिए गए, जहां उनके फेल होने की आशंका साफ दिखाई दे रही थी। वित्त वर्ष 2018-19 में कुल डूबे कर्ज 10 लाख करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच गए थे, जो बैंकों द्वारा दिए गए कुल कर्ज का लगभग 12 प्रतिशत था। हैरानी की बात यह थी कि इस भारी बोझ का बड़ा हिस्सा कुछ गिने-चुने बड़े कॉर्पोरेट समूहों पर था। सबसे ज्यादा चौंकाने वाले वे कर्ज थे जो स्वीकृति के 1-2 साल के भीतर ही डूब गए। सामान्यतः कोई भी व्यवसाय अचानक खत्म नहीं होता, गिरावट धीरे-धीरे आती है। लेकिन जब कोई खाता बहुत कम समय में खराव हो जाए, तो यह संकेत देता है कि या तो पैसा सही जगह इस्तेमाल नहीं हुआ, या शुरू से ही आकलन ठीक तरह से नहीं किया गया था।

2022 के अंत तक ऐसे विलफुल डिफाल्ट करने वालों पर 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक बकाया था, यानी वे लोग, जो भुगतान करने की क्षमता रखते हुए भी पैसा वापस नहीं कर रहे थे। पिछले 10 वर्षों में 16 लाख करोड़ रुपए से अधिक कर्ज को खराब मानकर हटाया गया, यह वही पूंजी थी जिससे सड़कें, अस्पताल और रोजगार के अवसर खड़े किए जा सकते थे। फरवरी 2026 में आई. डी. एफ. सी. फर्स्ट बैंक की चंडीगढ़ शाखा में जो मामला सामने आया, उसने फिर वही सवाल खड़ा किया। हरियाणा सरकार के एक खाते से 50 करोड़ रुपए निकालने की कोशिश की गई तो पता चला कि खाते में सिर्फ 1.27 करोड़ रुपए बचे हैं। जांच में सामने आया कि फर्जी हस्ताक्षर और बदले हुए चैक के जरिए पैसे दूसरी जगह भेजे गए। कुल गड़बड़ी 590 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। इन सभी मामलों में कुछ सामान्य कमजोरियां दिखाई देती हैं। शाखा स्तर पर बैठे अधिकारियों के पास काफी अधिकार होते हैं, लेकिन हर फैसले की तुरंत निगरानी नहीं हो पाती। अलग-अलग कम्प्यूटर प्रणालियां पूरी तरह एक-दूसरी से जुड़ी नहीं होतीं। जांच अवसर बाद में होती है, जब नुकसान हो चुका होता है।

आज भारतीय बैंक पहले की तुलना में ज्यादा मजबूत माने जाते हैं। डूबे कर्ज का अनुपात कम हुआ है, मुनाफा बढ़ा है और नियम कड़े हुए हैं। लेकिन असली चुनौती तकनीक से ज्यादा इंसानी चरित्र की है। अगर गड़बड़ी को पकड़ने की व्यवस्था तुरंत चेतावनी दे, अगर हर बड़े लेन-देन की सीधी निगरानी हो, अगर चैक और कागजी निर्देशों की डिजिटल पुष्टि अनिवार्य हो और अगर ईमानदार कर्मचारियों को गलत काम की सूचना देने पर सुरक्षा मिले, तो जोखिम काफी हद तक कम किया जा सकता है। भारत की बैंकिंग व्यवस्था एक अहम मोड़ पर खड़ी है। अगर अंदरूनी मिलीभगत को अपवाद मानकर नजरअंदाज किया गया, तो तिजोरी बार-बार समझौता करती रहेगी। लेकिन अगर इसे स्थायी खतरा मानकर सुधार किए गए, तो भरोसे की नींव फिर मजबूत हो सकती है।

# इमली का आसान टोटका दूर करेगा पूरे घर की नेगेटिविटी, खुलेगी तरक्की की राह



अक्सर व्यक्ति के जीवन में अचानक से बहुत सारी परेशानियां आती है। क्या आपके भी साथ ऐसा कुछ हो रहा है? तो यह आर्टिकल आपके लिए काम का साबित हो सकता है। अगर घर में बार-बार रुकावटें आ रही हैं, काम पूरे होते-होते अटक जाते हैं या बिना वजह तनाव बना रहता है, तो इसे नकारात्मक ऊर्जा का संकेत माना जाता है। मान्यताओं में इमली से जुड़े कुछ आसान उपाय बताए गए हैं, जिन्हें अपनाकर माहौल में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। यहां जानिए इमली से जुड़ा वह छोटा सा टोटका क्या है, जो आपकी किस्मत चमकाएगा और तरक्की की राह खोलेगा।

### नकारात्मकता दूर करने का उपाय

मान्यता है कि इमली में वातावरण की नकारात्मक ऊर्जा को सोखने की क्षमता होती है। इसके लिए एक मुट्ठी इमली के बीज रात भर पानी में भिगो दें। अगली सुबह उस पानी को मुख्य द्वार से शुरू करते हुए पूरे घर में छिड़कें। ऐसा करने से घर का वातावरण हल्का और सकारात्मक महसूस होने लगता है। कहा जाता है कि इससे अटके हुए कामों में भी धीरे-धीरे गति आने लगती है।

### आर्थिक परेशानी में लाभ

अगर धन आने के बाद भी टिक नहीं पा रहा या कर्ज बढ़ता जा रहा है, तो गुरुवार या शुक्रवार के दिन इमली के पेड़ की एक छोटी टहनी लाकर साफ करके तिजोरी या धन रखने की जगह पर रखें। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इमली का संबंध राहु और शनि से जोड़ा जाता है। यह उपाय इन ग्रहों से जुड़े दोषों को शांत करने में सहायक माना जाता है, जिससे आय के नए रास्ते खुल सकते हैं।

### उपाय करते समय रखें ध्यान

किसी भी उपाय को पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ करना जरूरी है। सही दिन, सही विधि और मन की शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। सकारात्मक सोच के साथ किए गए ये सरल उपाय जीवन की बाधाओं को कम करने में सहायक माने जाते हैं।

## विचार सरिता

# जीवन कौशल : रोजमर्रा की सहज बातों को अहंकार का प्रश्न न बनाएँ

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सार्वजनिक जीवन में अनेक लोगों से कार्य-व्यवहार होता है। कभी-कभी परिस्थितिवश अप्रिय वचनों का भी उपयोग होता है। मनुष्य की स्वाभाविक मनः स्थिति केवल सम्मान पाने की होती है। वह न तो आलोचना को बर्दाश्त कर पाता है, और न अपने अहंकार के कारण सार्वजनिक रूप से यह सुनना पसंद करता है कि उससे गलती हो गई है। अगर किसी ने कोई भूल या त्रुटि के लिए उसे आईना दिखा दिया, तो वह बुरा मान जाता है। मनुष्य वास्तव में जितनी सहजता से अपने सम्मान या प्रशंसा को लेता है, उतनी ही सहजता से उसे अपनी गलती के उजागर होने को भी लेना चाहिए। और अगर आपने अपनी चूक या भूल स्वीकार कर भी ली, तो इससे आपका अपमान नहीं हो जाएगा।

इसका दूसरा पक्ष भी है।अगर भूल या त्रुटि जानकारी के अभाव में या असावधानीवश हुई है तो उस व्यक्ति की इस चूक को विनम्र शब्दों में भी बताया जा सकता है। चीख-चिल्लाकर या क्रोधित होकर ऐसा करना, किसी छोटी बात की आवश्यकता से अधिक प्रतिक्रिया माना जाएगा। यह तो किसी का अपमान करना हुआ। ऐसे में उस व्यक्ति की ओर से भी समान या उग्र प्रतिक्रिया का सामना करने के लिए तैयार होना चाहिए ।बेहतर है, सार्वजनिक जीवन में हम धैर्य व ठंडे दिमाग से बर्ताव करें, एक सीमा तक सहनशीलता भी धारण करें।

## सामायिक चर्चा

### मोदीजी का विजन

बानी बाले - ''सुनिए गजाधर!
मोदी जी ने कहा है -
''कांग्रेस का वैचारिक दिवालयापन उजागर!
इस तरह है पूरी खबर -
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने
एक कार्यक्रम में
इण्डियन यूथ कांग्रेस द्वारा किए
शर्टलेस प्रोटेस्ट की
कड़ी आलोचना की।
उन्होंने साफ-साफ कहा कि
कांग्रेस न केवल, अपने कपड़े उतारे,
बल्कि विदेशी मेहमानों के सामने
अपना वैचारिक दिवालयापन भी दिखाया।
फिर उन्होंने अपना विजन बताया -
वह यानी कांग्रेस जितने चाहे
उतन कपड़े फाड़ डाले,
लेकिन हम भारत के,
विकास के लिए काम करते रहेंगे।''
गजाधर मुस्कराए बोले -
''बानी! और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी
एक के बाद एक
विधानसभा चुनाव जीतते चलेंगे।''
(रविवार 1 मार्च 2026)



गिरीश बख्शी

## कविता

### ||शुद्ध-बुद्ध हो जाए के परब ||

रंग- गुलाल में बोथाय के परब होली ए,
अपन आप ल भुलाय के परब होली ए
मन में कतको रंज पले रहिथे,
कासाय -कल्मस कतको भरे रहिथे
एला होली में जलाय के परब होली ये,
रंग-गुलाल,00000
कामदेव बरे रिहिस बंग- बंग ले
छूटे रिहिस रतिप्रिया के संग ले
भगवान शंकर के होय रिहिस हे कोप भाजन
ते दिन ले जनात रिहिस अनंग ले।
नवां जनम पाए के परब होली ये,,,
रंग-गुलाल,00000
भक्त प्रह्लाद ल जलइया रिहिस हिरण्यिका
बंग - बंग ले जर के होगे होलिका
अत्याचार ,जर जाय के परब होली ए।
रंग-गुलाल 00000
भुला देवन एक - दूसरा के गिला- शिकवा
बन जान आज ले एक-दूसर के हितवा
एक- दूसरा ल गला लगाए के परब होली ए
रंग- गुलाल 000000
चिखला-धूर्रा हे आज के दिन चंदन
माथा में लग के होथे अभिनंदन ।
निकल जथे मन के जम्मो, मलाल
शुद्ध - बुद्ध हो जथे मनखे के तन-मन
नवजीवन पाय के उपाय होली ए,,
रंग-गुलाल में बोथाय के परब होली ए।
अपन - आप ल भुलाय के परब
होली ए ।।

**जयवंत जांगिड़ ''जयंत''**
**डोंगरगढ़ -राजनांदगांव**

## कविता

### ।। आगे बसंत ।।

आगे बसंत छागे बसंत, मस्ती उमंग बगरावत हे।
भर भर मया-पिरीत के गगरी, डहर छलकावत हे।
किसम-किसम के फुलवा महके, भँवरा झूलय कली-कली ।
परसा दहके खार-खार, गलमोहर हाँसय गली-गली।
भाँग खाय कस झूमय पवन ह, मउहा रस चुचवावत हे...
किसन रंग के अरसी फलगे, राधा बरन सरसों फुलवा।
फुलगे सेम्हर झरगे बोइर, गेदरागे डूमर गुलगुलहा।



सुटुर-सुटुर अब जाड़ परागे, तरिया म पोखरी लजावत हे...
बनय बरतिया बर पीपर मन, गस्ती के मन हरियागे हे।
दुलहा बनके बसंत ठाढ़े, आमा मऊर बँधागे हे।
परघुनी नाचे पड़की परेवना, कोइली भड़ौनी गावत हे...
हाँसय गोंदा कुलकय चम्पा, चमेली के लगिन धरावत हे।
मया म बुड़े संगी जहुंरिया, छिन रोवय छिन मुस्कावत हे।
भाँटो ह निच्चट बिलवा हे कहिके, दीदी ल कुड?वत हे।
आगे बसंत,, छा गे बसंत,,मस्ती उमंग बगरावत हे ।।



**शिवकुमार अंगारे**
**ग्राम मटिया (माहूद)**
**गुंडरदेही**

## कंथली

### बेरा ल झन चुकव

एक गांव म विवेक नाव के लईका राहे। बोहर बड़ बुधमान राहे।



फेर बेरा के कदर नई करय। जम्मो काम बूता ले काली करबो कहिके टार देवय। अऊ बेरा ल चुको डारे। एक दिन वोकर गुरूजी कथे अरे बेटा विवेक परिकसा के तारिख ह तीर म आगे हे। तय पढ़ई-लिखई म धियान दे। धुमें फिरय म काम नई बने। विवेक ह सोचिस अभी तो परिकसा ह गजब दिन हे। आघू ले पढ़बोन तभुला जाबोन, पाछु पढ़ लेबोन कहिके बेरा ल टारत जाय अऊ देखत-देखत परिकसा के बेरा आगे। विवेक ह जब पेपर बनाय बर बईठिस तब डर लागे ल धर लिस। अऊ नई पढ़े-लिखे के सेती कुछु लिख नई पाईस। आखिर पेपर जुच्छा के जुच्छा दे दिस। वोमा सिरिफ अपन नाव गांव भर लिखे राहे। जब फेल पास सुनाय के दिन आईस तब वोकर जम्मो संगवारी मन पास होगे। अऊ विवेक ह फेल होगे। तब गजब पछताईस अऊ फुट-फुट के रोय लागिस।

तब वोकर बबा ह समझाईस बेटा विवेक बेरा ह कोनो ल नई अगोरे, वोहा कोनो बर नई रूके। बेरा ह चलते रहिथे। अऊ जेन ह बेरा के संग चलथे। उही मनखे अपनी जीवन म सुफल होथे। विवेक ह अपन गलती ल समझगे। अऊ अपन हर बूता ल बेरा म करय के कसम धर लिस। कभुबेरा ल चुकन न दिस। मन लगाके पढ़ाई लिखई म लगगे। अऊ दुसर साल अपन किलास म सबले पहिली नंबर ले पास होगे। जईसने नाव तईसनेच बनगे। जेन हर बेरा के कदर करथे वोहर जीवन के हर सुफल ताल पाथे।



**आनंदराम सार्वा अनंत**
**कु.बो.भाठागांव**

## राशिफल

**मेष** — आपकी राशि से चंद्रमा चौथे भाव में होगा. भावनाओं का अतिरेक आपके मन को संवेदनशील बना देगा, इसलिए किसी की वाणी और व्यवहार से आपको बुरा महसूस होगा. माता की अस्वस्थता के कारण आपको चिंता होगी. आपके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है. भोजन में अनियमितता रहेगी.

**वृष राशि** — आपकी राशि से चंद्रमा तीसरे भाव में होगा. आपकी चिंता कम होने से राहत का अनुभव होगा. आपका मन प्रेम से परिपूर्ण रहेगा. आपकी सृजनशीलता और कल्पना शक्ति में भी वृद्धि होगी. कला और साहित्य में आप अपनी कुशलता बता सकेंगे. परिवार के सभी सदस्यों के साथ निकटता बढ़ेगी. किसी छोटी यात्रा की संभावना है.

**मिथुन** — आपकी राशि से चंद्रमा दूसरे भाव में होगा. काम पूरा होने में विलंब हो सकता है, फिर भी प्रयास चालू रखें. आपके काम समय पर पूरे होंगे. आर्थिक आयोजन में कुछ बाधाएं आएंगी. समय रहते कठिनाई दूर हो जाएगी. नौकरी तथा व्यवसाय में साथी कर्मचारियों और बिजनेस पार्टनर के साथ सार्थक बातचीत होगी.

**कर्क** — आपकी राशि से चंद्रमा पहले भाव में होगा. मित्रों और स्नेहीजनों के साथ आज का दिन बहुत उल्लासमय रहेगा. कुछ खरीदने की योजना बना सकते हैं. सुरुचिपूर्ण भोजन का स्वाद ले सकेंगे. किसी बात को लेकर आज इमोशनल बने रहेंगे. नौकरीपेशा लोगों को सहकर्मियों का साथ मिलेगा. व्यापार में आर्थिक लाभ की संभावना बन रही है.

**सिंह** — आपकी राशि से चंद्रमा बारहवें भाव में होगा. आज आपको मन पर नियंत्रण रखना होगा. वित्त से सम्बंधित मामलों में आप चिंतित रहेंगे. चिंता के कारण शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. व्यर्थ के वाद-विवाद को टालें. कोर्ट-कचहरी के काम को संभालकर करें. विदेश से कोई अच्छा समाचार मिलने की संभावना है.

**कन्या** — आपकी राशि से चंद्रमा ग्यारहवें भाव में होगा. आज का दिन आनंद-उल्लास में गुजरेगा. आज विविध क्षेत्रों में लाभ होगा. इसमें मित्रों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी. दोस्तों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है. नौकरीपेशा लोगों का काम समय पर पूरा हो सकेगा. अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे.

**तुला** — आपकी राशि से चंद्रमा दसवें भाव में होगा. आज का दिन आपके लिए शुभ है. नौकरी या व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए अनुकूल वातावरण रहेगा. अधिकारियों के साथ आप महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे. पदोन्नति की भी संभावना है. व्यापार में नए ग्राहक मिलने या आर्थिक लाभ होने से आपकी खुशी दोगुनी होगी.

**वृश्चिक** — आपकी राशि से चंद्रमा नवें भाव में होगा. आज आप शारीरिक थकान, आलस्य और मानसिक चिंता की अनुभूति करेंगे. व्यापार में बाधा खड़ी होगी. संतान से मतभेद रहेगा. स्वास्थ्य की चिंता रहेगी. आज विरोधियों से वाद-विवाद न करें. अनावश्यक खर्च बढ़ेगा. अधिकारियों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा.

**धनु** — आपकी राशि से चंद्रमा आठवें भाव में होगा. अनावश्यक चिंता, बीमारी, क्रोधावेश से आपका मानसिक व्यवहार हताशापूर्ण रहेगा. अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें. सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें. आज कार्यस्थल पर भी समय पर काम नहीं कर पाने से आपको निराशा होगी. किसी कारण से समय पर भोजन नहीं मिलेगा.

**मकर** — आपकी राशि से चंद्रमा सातवें भाव में होगा. कार्यभार और मानसिक तनाव से राहत पाकर आज का दिन मित्रों और सगे-संबंधियों के साथ खुशी से व्यतीत करेंगे. किसी नए व्यक्ति के प्रति आकर्षण का अनुभव होगा. उत्तम वैवाहिक सुख प्राप्त होगा. व्यापारी अपने व्यापार का विस्तार कर सकेंगे. आर्थिक लाभ और मान-सम्मान में वृद्धि होगी.

**कुंभ** — आपकी राशि से चंद्रमा छठे भाव में होगा. काम की सफलता के लिए आज शुभ दिन है. आज किए गए कामों की वजह से आप खुश रहेंगे. परिजनों के साथ वक्त अच्छा गुजरेगा. घर का वातावरण अच्छा रहेगा. तन और मन से प्रफुल्लित रहेंगे. आज अपनी खुशी को दूसरों के साथ बांट भी सकते हैं.

**मीन** — आपकी राशि से चंद्रमा पांचवें भाव में होगा. आप आज अपने काम में काफी रचनात्मक रहेंगे. आप साहित्य के क्षेत्र में गहरी रुचि रखेंगे. हृदय की कोमलता प्रियजनों के निकट लाएगी. आज आप किसी बात को लेकर भावुक बने रहेंगे. स्वास्थ्य की दृष्टि से दिन मध्यम रहेगा. संक्रामक बीमारियों से स्वयं को बचाना होगा.

# मनरेगा बचाने सड़क पर उतरी कांग्रेस, छुरिया ब्लॉक में निकाली गई जनसंपर्क पदयात्रा



**केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ खोला मोर्चा, पूर्व विधायक और जिला अध्यक्ष ने सभा को किया संबोधित**

छुरिया (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के आवाहन पर एवं जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के तत्वावधान में मनरेगा बचाव संग्राम तहत पंचायत जनसंपर्क पदयात्रा किया गया। जो की ग्राम मरकाकसा बाजार चौक से महात्मा गांधी जी के शैल चित्र पर पूजा-अर्चना व दीप जलाकर यात्रा का प्रारंभ किया गया। जिसे ग्रामीणजनों के साथ जोब बाजार चौक में नुक्कड़ सभा के माध्यम से कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें केंद्र सरकार के द्वारा मनरेगा कार्य को हटाए जाने का कड़ा विरोध कर उक्त विरोध आमजन तक नुक्कड़ सभा के माध्यम से पहुंचाया गया। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने भाजपा सरकार की कथनी और करनी में अंतर बताया। पूर्व विधायक ने कहा भाजपा सरकार द्वारा आज जगह जगह शराब भट्टी खोला जा रहा है जिसका जनता में कड़ा विरोध है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने सभा का संचालन करते हुए भाजपा सरकार पर हल्ला बोला।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव, पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया प्रभारी महेंद्र यादव, ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरिया अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, महामंत्री राहुल तिवारी, चुम्मन साहू, जिला प्रवक्ता अनीश खान, जिला महामंत्री पंकज बांधव, रितेश जैन, शकील कुरैशी, रोशन रजक, भावेश सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, एकनाथ सिन्हा, श्रीमती सीमा यादव जनपद सदस्य, सुलेखा मरकाम, सेक्टर प्रभारी कन्हैया कोल, कुलदीप साहू, धनेंद्र कोठारी, पवन वैष्णव एवं ग्राम पटेल मरकाकसा, ग्राम पटेल जॉब पूर्व सरपंच ईश्वरी मेरी तथा पूर्व सरपंच कल्पना जी के साथ-साथ अधिक से अधिक रूप रूप में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री की मौजूदगी में विकास की गूंज: विभा साहू ने उठाई जनसमस्याओं की मजबूत आवाज



**प्राचीन कबीर साहिब मठ के भव्य आयोजन में सीएम श्री साय से की मुलाकात**

राजनांदगांव (दावा)। जिले के धर्मनगरी नांदिया खुज्जी स्थित प्राचीन कबीर साहिब मठ में 1 मार्च को फाल्गुन महोत्सव एवं अभा सद्गुरु साहिब सत्संग सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशेष रूप से उपस्थित हुए। श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट समिति एवं ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने संत कबीर के संदेशों को सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरण का आधार बताते हुए प्रदेशवासियों को एकता और सद्भाव का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य अर्जुनी श्रीमती विभा साहू ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा। उन्होंने विस्तारपूर्वक ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्रीय विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की। मुख्यमंत्री ने सभी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। जिसमें स्कूल गेट के पास लगे 11 केवी ट्रांसफार्मर को हटाने की मांग, सालिकझिटिया स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के मुख्य द्वार के पास 11 के.वी. का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जो जर्जर एवं जोखिमपूर्ण स्थिति में है। विद्यालय के गेट से सटे इस ट्रांसफार्मर के कारण बच्चों के आवागमन और खेलकूद के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

श्रीमती विभा साहू ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए ट्रांसफार्मर के तत्काल स्थानांतरण की मांग की। डोंगरगांव ब्लॉक अंतर्गत मेड़ा सिंगारपुर सड़क की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है। यह सड़क मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत वर्ष 2016 में बनी थी किंतु पिछले लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। अर्जुनी से भेढ़ा तक 2.25 किमी सड़क का निर्माण वर्ष 2022 में हुआ था जो अल्प समय में ही क्षतिग्रस्त हो गई। खराब सड़क के कारण ग्रामीणों, विद्यार्थियों और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में सड़क की तत्काल मरम्मत, नवीन निर्माण की स्वीकृति तथा गुणवत्ता जांच के लिए समिति गठन की मांग की गई है। ग्राम किरगी के पास बहने वाले मरिया मोती नाला पर वर्तमान में निम्न स्तरीय रपटा बना हुआ है। बरसात के दिनों में नाले का पानी रपटा के ऊपर बहने लगता है जिससे किरगी, रातापायली, रींवागहन, रुपाकाठी और महाराजपुर सहित कई गांवों का संपर्क बाधित हो जाता है। ग्रामीणों द्वारा पिछले 25 वर्षों से उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग की जा रही है। कई दुर्घटनाओं के बाद भी स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। श्रीमती विभा साहू ने पुल निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कर शीघ्र स्वीकृति देने की मांग की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनप्रतिनिधि द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। फाल्गुन महोत्सव का यह आयोजन जहां आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बना वहीं क्षेत्रीय विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। अब ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान धरातल पर दिखाई देगा।

## पहला कॉलम...

### कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का किया औचक निरीक्षण



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र कोपरो, देवरच्चा एवं रामपुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव एवं टीकाकरण की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में 100 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, नियमित प्रसव पूर्व गर्भावस्था जांच (एएनसी) तथा संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए समय पर जांच और सुरक्षित प्रसव अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी बच्चों का 100 प्रतिशत पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए तथा टीकाकरण से वंचित बच्चों की सूची तैयार कर विशेष अभियान चलाया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने स्वास्थ्य केंद्रों में दवा उपलब्धता, साफ-सफाई, स्टाफ उपस्थिति एवं रजिस्टर संधारण की भी जांच की और आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सांगिनकछार में फाग एवं झांकी प्रतियोगिता 5 मार्च को

डोंगरगांव (दावा)। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम सांगिनकछार में एक दिवसीय भव्य भाग एवं झांकी प्रतियोगिता आयोजन 5 मार्च को दिन गुरूवार को रखा गया है। यह कार्यक्रम श्री राधा-कृष्णा नवयुवक फाग समिति एवं समस्त ग्रामवासी सांगिनकछार के द्वारा हो रहा है। जितेन्द्र सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया है कि झांकी पक्ष में प्रथम पुरस्कार 3001, द्वितीय पुरस्कार 2500, तृतीय पुरस्कार 2000, चतुर्थ पुरस्कार 1600 , पंचम पुरस्कार 1000 रूपए रखा गया है। इसी तरह रचना पक्ष में प्रथम पुरस्कार 2600, द्वितीय 2000, तृतीय 1600, चतुर्थ 1100, पंचम 700, षष्टम पुरस्कार 500 एवं प्रथम मंच मंडली को 301, श्रेष्ठ झांकी 301, श्रेष्ठ वेशभूषा 301, श्रेष्ठ भेजो 301, श्रेष्ठ नगाड़ा 301, श्रेष्ठ गायन 301, श्रेष्ठ बेंजो 301 रूपए प्रत्येक मंडली के लिए सदाबहार दान 1500 रुपए रखा गया है और प्रवेश शुल्क झांकी पक्ष के लिए 251 रुपया रचना पक्ष के लिए प्रवेश शुल्क 201 रुपया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, संरक्षक तोरण वर्मा, संचालक तिलक सेन ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### गंडई के तिरंगा चौक पर महिला कांग्रेस ने फूंका केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला

**एपस्टीन फाइल्स मामले को लेकर फूटा आक्रोश, आरती महोबिया के नेतृत्व में हुआ जोरदार प्रदर्शन**



खैरागढ़ (दावा)। महिला कांग्रेस के द्वारा केन्द्रीय मंत्री का पुतला दहन किया गया। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलों देवी नेताम के आदेशानुसार खैरागढ़ छुईखदान-गंडई जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती रिंकू महोबिया के नेतृत्व में ऐपस्टीन फाइल्स में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम होने को लेकर जिला खैरागढ़-छुईखदान, गंडाई में धरना प्रदर्शन और पुतला दहन किया गया। जिसमे मुख्यरूप से पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टकेश्वर शाह खुशरो, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नू चंदेल, ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस गंडई हेमलता ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष छुईखदान कविता जंघेल, ब्लॉक अध्यक्ष खैरागढ़ अनुभा चंद्राकर जनपद सदस्य नीना ताम्रकार विनोद ताम्रकार, रमेश साहू, चेतन देवांगन, अमित टंडन, दिलीप ओंगरे, रुखमनी देवांगन, विनीता जंघेल, उषा रात्रे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों की उपस्थिति मे पुतला दहन का कार्यक्रम तिरंगा चौक गंडाई में किया गया। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती रिंकू महोबिया ने सभी सदस्यों के प्रति धन्यवाद व सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया।

# होली त्यौहार शांति व सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील



**शांति समिति की बैठक आहुत हुड़दंगियों पर होगी सख्त कार्रवाई**

डोंगरगढ़(दावा)। होली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए 27 फरवरी को डोंगरगढ़ थाना में शाति समिति की बैठक आहुत की गई। जिसमें आम लोगो से होली त्यौहार शांति व सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील की गई।शांति समिति की बैठक में पुलिस द्वारा बताया गया कि होली के शुभ अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी और प्रत्येक चौक चौराहों पर आईटीबीपी के जवानों के आलावा पुलिस बल नियुक्त किए जायेंगे। वहीं बताया गया कि इस दौरान हुड़दंगियों व तेज रफ्तार से वाहन चला शांति भंग करने वालों के विरुद्ध तत्काल ऐसी कड़ी कार्रवाई की जाएगी कि वो जिंदगी में फिर दोबारा गलती ना करें। वहीं बताया गया कि त्यौहार के दौरान पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरे से भी गली चौक-चौराहों पर नजर रखी जायेगी जिससे तत्काल संभावित घटनाओं के रोकथाम के लिए लगाम लगाया जा सके।

### नगर के गणमान्य लोगों व जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श

शांति समिति की बैठक में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए गणमान्य नागरिकों व जनप्रतिनिधियों से पुलिस द्वारा होली त्यौहार शांति व सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील करते हुए विचार विमर्श साझा किया गया इस दौरान बताया गया कि सड़क के ऊपर जिनका मलबा पड़ा हो उनके द्वारा उठा लिया जाना चाहिए नहीं तो नगर पालिका व पंचायत द्वारा जुर्माना कार्यवाही की जाएगी। वहीं स्वास्थ्य सुविधा को लेकर 24 घंटे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु डाक्टरों की उपस्थिति सहित 24 घंटे जल आपूर्ति व अग्निशमन वाहन की उपस्थिति रहेगी।

### इलेक्ट्रिक तार के नीचे होलिका दहन, तेज साउंड एवं जबरदस्ती रंग लगाने पर रोक

पुलिस द्वारा त्यौहार के शुभ मौके पर आम लोगों से अपील की गई है कि इलेक्ट्रिक तार के नीचे होलिका दहन नहीं किया जाना चाहिए अगर पाया जाता है तो आयोजन समिति के सदस्यों पर कार्यवाही की जाएगी। वहीं आम लोग सहित डीजे संचालकों से साउंड सिस्टम निर्धारित डेसीबल तक साउंड बजाने की अनुमति होगी और शिकायत होने पर साउंड सिस्टम जप्ती की कार्यवाही की जाएगी।पुलिस ने आम लोगों से अपील की गई है कि बिना इजाजत के कोई भी किसी को जबरदस्ती रंग लगाकर विवाद की स्थिति उत्पन्न ना करें।

# छत्तीसगढ़ लोधी समाज के संरक्षक सेवानिवृत्ति हेडमास्टर को दी गई भावभीनी विदाई



**समर्पित शिक्षकीय जीवन के स्वर्णिम अध्याय का सम्मान - विष्णु लोधी**

डोंगरगढ़ (दावा)। सेवा-निवृत्ति के अवसर पर ग्राम बगडुमार, तहसील साजा, जिला बेमेतरा की प्राथमिक शाला में हेडमास्टर रहे एवं छत्तीसगढ़ लोधी समाज के संरक्षक चिंताराम जंघेल के पैतृक निवास सुहागपुर पहुँचकर उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा कि श्री जंघेल ने अपने कार्यकाल में केवल प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन ही नहीं किया, बल्कि एक मार्गदर्शक और अभिभावक की भूमिका निभाते हुए शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी सादगी, समयबद्धता एवं ईमानदारी ने विद्यालय के वातावरण को अनुशासित और प्रेरणादायी बनाया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को लक्ष्य मानकर निरंतर समर्पण के साथ कार्य किया। समाज में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। विष्णु लोधी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि श्री जंघेल का आगामी जीवन स्वस्थ, सुखमय एवं आनंदपूर्ण हो तथा उनका अनुभव समाज को निरंतर मार्गदर्शन देता रहे।

# मोहारा पुलिस की बड़ी कार्रवाई : बाइक चोरी करने वाले दो नाबालिग गिरफ्तार



**शौक पूरा करने के लिए चुराई थी मोटर साइकिल, घर के आंगन से पार की थी गाड़ी, पुलिस ने भेजा बाल संप्रेषण गृह**

डोंगरगढ़/मोहारा (दावा)। मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत चौकी मोहारा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।

पुलिस ने दो विधि से संघर्षरत बालकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई हीरो सीडी डिलक्स मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले का संक्षिप्त विवरण यह है कि प्रार्थी जैनेंद्र सिंह राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 26 फरवरी 2026 की रात करीब 10ः00 बजे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 08 बीए 8614) घर के आंगन में खड़ी की थी, जिसे अज्ञात चोर पार कर ले गए थे। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की थी।

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा, एएसपी कीर्तन राठौर और एसडीओपी डोंगरगढ़ केसरी नंदन नायक के दिशा-निर्देश पर अज्ञात आरोपियों की तलाश तेज की गई। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त नंबर की मोटरसाइकिल को कुछ लड़के चला रहे हैं। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर दो नाबालिगों को पकड़ा, जिनके पास से चोरी की बाइक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान बालकों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर केवल मोटर साइकिल चलाने के शौक को पूरा करने के लिए इस चोरी को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों विधि से संघर्षरत बालकों को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड राजनांदगांव के समक्ष पेश किया। जहां से उन्हें बाल संप्रेषण गृह भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी मोहारा उप निरीक्षक सुमेंद्र कुमार खरे, सउनि महेंद्र कुमार यादव, प्रधान आरक्षक महादेव साहू, आरक्षक मनी ठाकुर, देवेंद्र यादव और चैतू राम धुव की विशेष भूमिका रही।

# डोंगरगढ़-खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर मजबूत पेंचवर्क शुरू, दुर्घटनाओं पर लगेगा अंकुश



**पीडब्ल्यूडी विभाग की पहल से राहगीरों को मिलेगी राहत, ग्रामीणों ने अंदरूनी सड़कों पर भी कार्य की उठाई मांग**

डोंगरगढ़ (दावा)। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के बाद अब लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने डोंगरगढ़-खैरागढ़ मुख्य मार्ग की सुध ली है। विभाग द्वारा इस मार्ग पर किए जा रहे मजबूत पेंचवर्क के कार्य से आम जनों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। लंबे समय से जर्जर सड़क के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर भी इससे प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद है। दुर्घटनाओं का बना था केंद्र डोंगरगढ़ से खैरागढ़ को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग गड्ढों के कारण काफी खतरनाक हो गया था। विशेषकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए रात के समय इन गड्ढों से बचना मुश्किल था। विभाग द्वारा अब इन गड्ढों को तकनीकी रूप से भरकर सड़क को समतल बनाया जा रहा है, जिससे वाहनों की रफ्तार और सुरक्षा दोनों में सुधार होगा। अंदरूनी सड़कों पर भी कार्य की मांग मुख्य मार्ग पर कार्य शुरू होने का ग्रामीणों ने स्वागत किया है, लेकिन साथ ही उन्होंने विभाग का ध्यान अन्य सड़कों की ओर भी खींचा है। मुख्य मार्ग से जुड़े अनेक अंदरूनी ग्रामों की सड़कों पर अभी भी बड़े-बड़े गड्ढे मौजूद हैं। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से मांग की है कि शीघ्र ही अंदरूनी इलाकों के संपर्क मार्गों पर भी पेंचवर्क का कार्य पूर्ण किया जाए। होली के त्यौहार को देखते हुए संवेदनशील मोड़ों पर त्वरित मरम्मत हो ताकि बाहरी राहगीरों को परेशानी न हो। पीडब्ल्यूडी का प्रयास सराहनीय क्षेत्र के जागरूक नागरिकों का कहना है कि समय पर मरम्मत होने से सड़क की उम्र बढ़ती है और सरकारी धन की बर्बादी रुकती है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि विभाग जल्द ही अन्य लंबित मार्गों पर भी कार्य प्रारंभ करेगा ताकि समूचे क्षेत्र में सुगम यातायात सुनिश्चित हो सके।

# होली पर्व के मद्देनज़र खाद्य प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान, 5 नमूने अवमानक पाए गए



खैरागढ़ (दावा)। होली पर्व को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के व्दारा खाद्य प्रतिष्ठानों में सघन जांच पड़ताल जारी। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल के निर्देशानुसार होली त्यौहार के अवसर पर आमजन को स्वस्थ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में विशेष जांच अभियान चलाया गया।

उपसंचालक आशीष शर्मा एवं अभिहित अधिकारी सिद्धार्थ पांडे, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की उपस्थिति में संयुक्त दल द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक घृतलहरे द्वारा खैरागढ़ स्थित मानव मंदिर स्वीट, जलाराम स्वीट, जनता रेस्टोरेंट, बीकानेर राजेश्वरी स्वीट, श्री बीकानेर स्वीट तथा गंडई के राजपुरोहित बीकानेर स्वीट से कचौड़ी, मोतीचूर लड्डू, बेसन लड्डू, खोवा, पेड़ा, फाफड़ा, लूज गुजिया, रसमलाई, केला चिप्स, मिक्सचर, अंजीर कतली सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के 2 विधिक एवं 18 सर्विलांस नमूने लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर को प्रेषित किए गए। इसी क्रम में चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से विभिन्न प्रतिष्ठानों से 65 सर्विलांस नमूने मौके पर जांच हेतु लिए गए। जांच उपरांत 60 नमूने मानक अनुरूप पाए गए। जबकि 5 नमूने अवमानक प्राप्त हुए। अवमानक पाए गए खाद्य रंग युक्त नमूने को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। सभी व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के अंतर्गत स्वच्छता, साफ-सफाई एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री विक्रय के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सभी प्रतिष्ठानों की खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन की जांच की गई। जो वैध पाई गई। कार्यवाही के दौरान सहायक खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर सहित विभागीय अमला उपस्थित रहा। स्वस्थ एवं सुरक्षित खाद्य सुनिश्चित करने हेतु विभाग की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# पान की विलुप्त होती खेती को नया जीवन, छुईखदान में पान अनुसंधान केन्द्र की स्थापना



छुईखदान (दावा)। जिले के विकासखण्ड छुईखदान में पूर्व में पान की खेती व्यापक रूप से की जाती थी। किन्तु तकनीकी मार्गदर्शन के अभाव एवं आवश्यक प्लांटिंग मटेरियल की उपलब्धता न होने के कारण यह परंपरागत खेती धीरे-धीरे विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई थी। पान की इस पारंपरिक फसल को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023-24 में विकासखण्ड छुईखदान में पान अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने की घोषणा की गई। यह केन्द्र रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय छुईखदान में स्थापित किया गया है। पान उत्पादक कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए शेडनेट हाउस अधोसंरचना निर्माण हेतु 50 प्रतिशत विभागीय अनुदान प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में 7 कृषकों द्वारा प्रति कृषक 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में शेडनेट हाउस का निर्माण कराया गया है। जिसके लिए प्रति कृषक 1.77 लाख रुपये का अनुदान उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रदान किया गया है। इनमें से 6 कृषक वर्तमान में पान की खेती कर रहे हैं। इस पहल से पान उत्पादक कृषक प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों में भी अनुकूल वातावरण में पान की खेती कर बेहतर आय अर्जित कर सकेंगे। आवश्यक प्लांटिंग मटेरियल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि महाविद्यालय के सहयोग से जिले में स्थापित शासकीय उद्यान रोपणी कुकुरमुड़ा एवं बीरूटोला में भी पान की खेती का प्रदर्शन प्लॉट तैयार किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा इस विशेष पहल की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल द्वारा समय-समय पर स्थल निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ ही, रानी अवंती बाई लोधी कृषि महाविद्यालय छुईखदान के विषयवस्तु विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। जिससे जिले में पान की खेती को पुनः स्थापित कर किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

# धर्मापुर में 118 क्विंटल चावल घोटाले की गूंज, नोटिस के 33 महीने बाद भी वसूली अधर में




○ पूर्व सरपंच राही बंजारे पर 4.71 लाख रुपये के गबन का आरोप, प्रशासन की चुप्पी से ग्रामीणों में रोष
○ गरीबों के राशन पर डाका : मई 2023 में जारी हुआ था नोटिस, अब तक नहीं हुई कोई ठोस कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत धर्मापुर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के चावल में हुई भारी अनियमितता का मामला एक बार फिर गरमा गया है। पूर्व सरपंच राही बंजारे के कार्यकाल के दौरान हुए 118 क्विंटल चावल के कथित गबन के मामले में प्रशासन की सुस्त कार्यप्रणाली पर ग्रामीण अब सवाल उठाने लगे हैं।

जांच में पुष्टि होने के बाद यह तथ्य सामने आया था कि राशन की हेराफेरी से शासन को करीब 4,71,521 रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। इस संबंध में तहसीलदार कार्यालय द्वारा 23 मई 2023 को ही पूर्व सरपंच को नोटिस जारी कर राशि जमा करने के निर्देश दिए गए थे। प्रकरण में सुनवाई की तिथि 12 जून 2023 तय की गई थी, लेकिन आश्चर्य का विषय है कि लगभग पौने तीन साल बीत जाने के बाद भी रिकवरी की प्रक्रिया ठंडे बस्ते में है।

0 गरीबों के हक पर मारा गया डाका

धर्मापुर के ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पीडीएस का चावल गरीब परिवारों के लिए जीवनरेखा है। राशन में गबन न केवल वित्तीय अपराध है, बल्कि मानवता के साथ भी खिलवाड़ है। ग्रामीणों का आरोप है कि नोटिस जारी होने के बावजूद कार्रवाई का न होना प्रशासनिक शिथिलता को दर्शाता है। इससे पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार करने वाले तत्वों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वसूली की वर्तमान स्थिति को सार्वजनिक किया जाए। दोषी पाए जाने पर तत्काल दंडात्मक और कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित हो। भविष्य में ऐसी अनियमितता रोकने के लिए वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाई जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गबन की गई राशि की वसूली और दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# बांस शिल्प से आत्मनिर्भरता की ओर कदम : पीएमश्री स्कूल में विद्यार्थियों ने सीखी टोकरी और सजावटी सामान बनाने की कला



प्री-वोकेशनल ट्रेनिंग : कौशल आधारित शिक्षा ही भविष्य की मजबूत नींव - प्राचार्य डॉ. अमित घोष

राजनांदगांव (दावा)। पीएमश्री राजा सर्वेश्वर दास उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूल में विद्यार्थियों के लिए प्री-वोकेशनल ट्रेनिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने बांस से विभिन्न उपयोगी वस्तुएं बनाने की कला सीखी। साथ ही बाजार में प्रचलित अनेक उपकरणों और सजावटी सामग्रियों के निर्माण की तकनीकों का भी अभ्यास किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर ही व्यावसायिक कौशल से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने बांस से टोकरी, पेन स्टैंड, सजावटी आइटम और दैनिक उपयोग की वस्तुएं तैयार करने की बारीकियां सीखीं। प्रशिक्षकों ने उन्हें कच्चे माल के चयन से लेकर तैयार उत्पाद की फिनिशिंग तक की पूरी प्रक्रिया समझाई। प्री-वोकेशनल ट्रेनिंग का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है। इस प्रकार के प्रशिक्षण से बच्चे भविष्य में स्वयं का छोटा व्यवसाय भी प्रारंभ कर सकते हैं। साथ ही वे अपने अंदर छिपी प्रतिभा और रचनात्मकता को पहचानकर उसे विकसित करने का अवसर प्राप्त करते हैं। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि कौशल आधारित शिक्षा से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे रोजगार के नए अवसरों के लिए तैयार होते हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों में उद्यमिता की भावना भी विकसित हो रही है। इस अवसर पर विद्यालय के एसएमडीसी अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमित घोष, समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई वस्तुओं का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य डॉ. अमित घोष ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि जीवन के लिए उपयोगी कौशल प्राप्त करना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने और अपने कौशल को निखारने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि आगामी समय में अन्य कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। इस सफल आयोजन ने विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास की नई ऊर्जा का संचार किया है। प्री-वोकेशनल ट्रेनिंग के माध्यम से विद्यालय ने कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है जो निश्चित ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करेगा।

# बमनीभाटा हाईस्कूल की बैंचें बेचे जाने का आरोप युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



साइकिल पर बेंच ले जाते ग्रामीणों की फोटो आई सामने, जिला शिक्षा अधिकारी ने दिए जांच के निर्देश दोषियों पर कड़ी कार्रवाई न होने पर युवा कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

राजनांदगांव (दावा)। विकासखंड डोंगरगांव के ग्राम बमनीभाटा स्थित शासकीय हाईस्कूल में शाला की बेंचों को अवैध रूप से बेचे जाने का एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। इस कथित अनियमितता की शिकायत लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के नाम ज्ञापन सौंपा और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। ज्ञापन में इस बात का विशेष उल्लेख किया गया है कि ग्रामीणों द्वारा साइकिल में स्कूल की बेंचें बांधकर ले जाए जाने की तस्वीरें सामने आई हैं। अभिमन्यु उदय मिश्रा ने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि शिक्षा के मंदिर से शासकीय संपत्ति का इस तरह दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने अंदेशा जताया कि यदि फर्नीचर की इसी तरह कमी होती रही, तो नौनिहालों को फर्श पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर होना पड़ेगा।

### डीईओ ने दिया त्वरित जांच का आश्वासन

वर्तमान में परीक्षा दौरों पर व्यस्त होने के कारण जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने दूरभाष पर मामले की जानकारी ली। उन्होंने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए सक्षम अधिकारी को ज्ञापन लेने हेतु निर्देशित किया और आश्वासन दिया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उत्तर ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप सोनी सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य और शासकीय संसाधनों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने मांग की है कि स्कूल के फर्नीचर का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

# बेलरगोंदी में कृषक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। कृषि विभाग द्वारा एक्सटेंशन रिफार्म आत्मा योजनांतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम बेलरगोंदी में कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती चंद्रिका वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में किसानों को आगामी खरीफ फसल के लिए आवश्यक मार्गदर्शन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा ग्राम बेलरगोंदी के किसान जयप्रकाश वर्मा के खेतों में पहुंचकर चना फसल का अवलोकन किया। इसके बाद ग्राम पंडरी पथरा पहुंचकर किसान गेसराम साहू के खेत पहुंचकर मक्का फसल का भ्रमण किया। कार्यक्रम में सरपंच बेलरगोंदी लेखचंद वर्मा, सोमनाथ वर्मा, शंभू साहू, चंद्रशेखर पतीला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# किसान जशवंत साहू ने मोबाईल पर आए मैसेज को दिखाकर जाहिर की अपनी खुशी



कृषक उन्नति योजना से बदली किसानों की तकदीर होली त्यौहार की खुशी हुई दोगुनी

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा संचालित कृषक उन्नति योजना किसानों के जीवन में आर्थिक संबल प्रदान करते हुए उनकी स्थिति को मजबूत बना रही है। योजना के अंतर्गत धान विक्रय करने वाले किसानों को समर्थन मूल्य के अतिरिक्त अंतर की एकमुश्त राशि प्रदान की गई है, जिससे किसान अपनी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ खेती-किसानी को भी आगे बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत धान विक्रय करने वाले किसानों को समर्थन मूल्य के अतिरिक्त अंतर की राशि प्रदान की है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। जिला स्तरीय कृषक उन्नति योजना अंतर्गत गांधी सभागृह राजनांदगांव में आयोजित आदान सहायता राशि वितरण समारोह कार्यक्रम में पहुंचे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला निवासी किसान श्री जशवंत साहू ने बताया कि उन्हें कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत अंतर की एकमुश्त राशि सीधे खाते में 1 लाख 92 हजार 184 रूपए प्राप्त हुई है, जिससे उन्हें आर्थिक सहारा मिला है। किसान श्री साहू ने अपना मोबाईल दिखाते हुए मैसेज दिखाकर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि प्राप्त राशि का उपयोग वे अपनी खेती-किसानी को बढ़ाने के लिए खेतिहर जमीन खरीदने में करना चाहते हैं, ताकि भविष्य में उनकी आय में और वृद्धि हो सके। किसान श्री साहू ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष 264 क्विंटल धान समर्थन मूल्य में धान खरीदी केन्द्र में किया था। उन्होंने कहा कि सोसायटी में किसानों के लिए बहुत अच्छी सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। किसानों को उनके उपज का सही मूल्य मिल रहा है। कृषक उन्नति योजना एवं समर्थन मूल्य से किसानों की आर्थिक उन्नति हो रही है। किसान श्री साहू ने बताया कि वे फसल विविधीकरण को अपनाते हुए गेहूं, सरसों एवं मसूर जैसी फसलों की खेती कर रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि कृषक उन्नति योजना से किसानों की तकदीर बदल रही है और अब किसानों को उनकी मेहनत का बेहतर मूल्य मिल रहा है। किसान श्री साहू ने बताया कि पिछले वर्ष योजना से प्राप्त आदान सहायता राशि का उपयोग उन्होंने अपने बच्चों की शादी में किया था, जिससे पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने में काफी मदद मिली। श्री जशवंत साहू ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि होली त्यौहार के पहले शासन द्वारा प्राप्त एकमुश्त राशि से त्यौहार की खुशी दोगुनी हो गई है। उन्होंने शासन की इस किसान हितैषी योजना के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# नेहरू महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न



डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर अध्ययन के प्रति रूचि रख अपना एवं अपने शहर का नाम रोशन करें विद्यार्थी - रामजी भारती

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में सत्र 2025-26 का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह 24 फरवरी 2026, मंगलवार को महाविद्यालय के पुराने भवन में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों, प्राध्यापकों, भूतपूर्व छात्र-छात्राओं एवं नगर के गणमान्य नागरिकों एवं विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामजी भारती (पूर्व विधायक, डोंगरगढ़) रहे तथा अध्यक्षता सुरेश एच. लाल (अध्यक्ष, नांदगांव शिक्षा मंडल, राजनांदगांव) ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में अनंत सोनी, प्रदेश मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छ.ग., उमा महेश वर्मा, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, डोंगरगढ़, सुनील जैन अध्यक्ष जन.भागी.समिति, मनोज अग्रवाल अध्यक्ष मॉ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, समाजसेवी डोंगरगढ़ सुरेन्दर सिंग बन्नोआना, प्रकाश चौरड़िया, हरविंदर सिंग मंगे, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, कुलवंत कक्कड़ समाजसेवी डोंगरगढ़, अमित जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा शहर, जैन कुमार मेश्राम जिला मंत्री भाजपा,जसमीत सिंग बन्नोआना अध्यक्ष भाजपा शहर मंडल, डोंगरगढ़, श्रीमती सविता दरगड़ अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा डोंगरगढ़, सुमित मिश्रा अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा डोंगरगढ़, कृष्णा गुप्ता विधायक प्रतिनिधि, जन.भागी.समिति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात राष्ट्रगीत एवं छत्तीसगढ़ राजकीय गीत का गायन किया गया। पश्चात समस्त अतिथियों का महाविद्यालय की प्राचार्य, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। प्राचार्य द्वारा स्वागत उद्बोधन एवं महाविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया जिसमें महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों, शैक्षणिक प्रगति, खेल, एनसीसी, एनएसएस एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही महाविद्यालय के मांग पत्र का वाचन वरिष्ठ छात्र अमन नामदेव एवं धर्म सिन्हा द्वारा किया गया जिसमें महाविद्यालय के लिए एप्रोच रोड, ऑडिटोरियम, महिला महाविद्यालय, बाउंड्री वॉल, परिवहन सुविधा, अध्ययन कक्ष निर्माण की मांग की अतिथियों के समक्ष रखी।महाविद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, ग्रंथपाल, स्ववित्तीय शिक्षक एवं कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रामजी भारती द्वारा अपने संबोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने की सीख दी तथा डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर अध्ययन के प्रति रूचि रख अपना एवं अपने शहर का नाम रोशन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए विद्यार्थियों द्वारा की गई मांग को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। साथ ही महाविद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा हेतु 20 लाख की राशि स्वीकृति दी।अध्यक्षीय उद्बोधन में सुरेश एच लाल द्वारा शिक्षा के साथ संस्कार एवं सामाजिक दायित्व के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय, खेल, नेट परीक्षा सहित अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन, मनोज अग्रवाल, अनंत सोनी, प्रकाश चौरड़िया, जैनकुमार मेश्राम सहित अन्य अतिथियो द्वारा संबोधित करते हुए महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम की बधाई देते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल एवं सामाजिक क्षेत्र उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आव्हान कर भविष्य निर्माण के साथ साथ चरित्र निर्माण पर जोर दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका पाखी सत्र 2024-25 को विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2024-25 में विश्विद्यालय की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेल, एनसीसी, एनएसएस सांस्कृतिक एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, रजत पदक, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक शामिल हुए, तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जहां एक तरफ अपने बच्चों को मंच पर सम्मानित होता देख अभिभावकों को गर्व का अनुभव हुआ वही उनके साथ सभी की आने खुशी से नम भी हुई।

## ज्योतिष चमत्कार ( 2 मार्च 2026 )

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 84 | 91 | 04 | 12 |
| मंगल | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 92 | 03 | 13 | 24 |
| बुध | | Happy | | |
| | | Holi | | |
| गुरू | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 14 | 23 | 31 | 45 |
| शुक्र | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 21 | 32 | 43 | 51 |
| शनि | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 34 | 42 | 52 | 64 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 36 | 48 | 56 | 69 |
| मंगल | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 47 | 57 | 68 | 76 |
| बुध | | Happy | | |
| | | Holi | | |
| गुरू | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 67 | 78 | 89 | 96 |
| शुक्र | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 79 | 87 | 98 | 09 |

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 7 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 5 | 6 |
| स्पेशल | 19 | 28 | 54 | 63 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 6 | 7 | 8 |
| स्पेशल | 30 | 69 | 75 | 84 |

सप्ताह में देखें (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

सप्ताह में देखें (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

अंक आपके पत्ते हमारे

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

बीते चार सप्ताह के रिकार्ड

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 91 | 78 | 82 | 20 | 54 | 65 |
| 77 | 00 | 36 | 25 | 88 | 27 |
| 94 | 31 | 55 | 49 | 18 | 15 |
| 97 | 49 | 71 | 17 | 12 | 33 |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28 | 55 | 20 | 73 | 87 |
| 82 | 93 | 22 | 34 | 30 |
| 46 | 29 | 38 | 92 | 65 |
| 76 | 39 | 48 | 53 | 09 |

जनवरी 2025 से मार्च 2026 तक के रूके जोड़भाव-पेनल

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-37-50-86-92-90
1-245-227-777 2-228-499-688-444-3-166-
4-400-888 5-122 -177-799-889-555
6-330-466-222 7- 999 8-567-440-666
9-144-559-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-49-56-66- 78-88-95 -99-90-01
1-146-290-119-777, 2-660-444,3-166 -111,
4-112-888, 5-366-447-555 6-556-222,
7-700-999, 8-189-288-666, 9-289-117-577
- 333, 0-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत : ट्रम्प बोले- 48 नेता एक झटके में खत्म हुए, ईरान के 9 जहाज डुबोए

बैलिस्टिक मिसाइल ठिकानों पर हमला किया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने रविवार को एक्स पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। सेंटकॉम ने कहा कि 2,000 पाउंड के बमों से लैस बी-2 विमानों ने ईरान के मजबूत मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया। सेना ने हमले का वीडियो भी शेयर किया। गौरतलब है कि पिछले साल भी अमेरिका ने व्हाइटमैन एयर फोर्स बेस (मिसौरी) से उड़ान भरने वाले बी-2 बॉम्बर्स का इस्तेमाल कर ईरान के अंडरग्राउंड परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। हालांकि इस बार विमानों ने किस बेस से उड़ान भरी, इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

### निजी स्कूलों का असहयोग आंदोलन, आरटीई की प्रतिपूर्ति राशि नहीं बढ़ाने पर बढ़ा आक्रोश

विभाग से शिक्षा के अधिकार कानून (आरटीई) के तहत स्कूलों को प्रदाय की जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि राशि प्रति विद्यार्थी / प्रति वर्ष प्राथमिक कक्षाओं में 7000 से बढ़कर 18000, माध्यमिक की 11,500 से बढ़ाकर 22,000 एवम हाई और हायर सेकंडरी की अधिकतम सीमा को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 तक किया जाए और बढ़ी हुई राशि पिछले 3 वर्षों से प्रदान की मांग की है।

### भारत ने कैसे ध्वस्त किए थे पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन, मध्य-पूर्व में तनाव के बीच पीएम का बयान चर्चा में

दौर में तत्परता, तकनीकी क्षमता और निर्णायक लीडरशिप से बहुत फर्क पड़ता है। भारत का तेज डिफेंसिव जवाब हमारी सेना की ताकत, हमारी बढ़ती स्वदेशी रक्षा क्षमताओं और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता का सबूत है। शांति इत्तेफाक से नहीं, बल्कि तत्परता से बनी रहती है। शांति ताकत से आती है।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री में मेडिकल कैम्प का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण तथा संक्रामक त्वचा रोगों की रोकथाम के उद्देश्य से विद्यालय में स्कैबिस स्क्रीनिंग एवं अवेयरनेस मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का संचालन स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकीय दल के सहयोग से किया गया। कैम्प में कुल 57 विद्यार्थियों की चिकित्सकीय जांच की गई। कैम्प में चिकित्सकीय दल द्वारा विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। चिकित्सकीय दल द्वारा नियमित रूप से स्नान करने एवं शरीर को स्वच्छ रखने की आदत विकसित करने और कपड़े, तौलिया, कंबल एवं बिस्तर अन्य विद्यार्थियों के साथ साझा नहीं करने, कपड़ों एवं बिस्तर को समय-समय पर धूप में सुखाने, नाखून छोटे रखने एवं खुजली होने पर त्वचा को अधिक नहीं खुजलाने, किसी भी प्रकार की त्वचा संबंधी समस्या होने पर तुरंत वार्डन अधीक्षक को सूचित करने कहा गया। प्रभावित विद्यार्थियों की नियमित निगरानी रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर पुनः चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने कहा गया।

# कौरिनभाठा में घर खरीदने का सुनहरा मौका, दीनदयाल आवास योजना के लिए पंजीयन शुरू

11.20 लाख से शुरू होंगे 112 नए एलआईजी आवास, हाईवे और कॉलेज के समीप होगी प्राइम लोकेशन

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना दीनदयाल आवास अंतर्गत राजनांदगांव शहर के कौरिनभाठा में कुल 792 आवास का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 544 भवनों का निर्माण एवं विकास कार्य पूर्ण कर हितग्राहियों को भवन आबंटित किया जा चुका है तथा सभी हितग्राही कालोनी में निवासरत है। शेष 248 भवनों का निर्माण किया जाना है। जिसमें से 112 एलआईजी (जी+3) प्रकोष्ठ भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। कालोनी से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर नेशनल हाईवे, 800 मीटर की दूरी पर कमला कॉलेज, 1.5 किलोमीटर की दूरी पर आम्बेडकर चौक स्थित है। समीप ही सृष्टि कालोनी, रिद्धी-सिद्धी कालोनी, आफिसर्स क्लब स्थित है। प्रस्तावित 112 एलआईजी (जी+3) प्रकोष्ठ भवन निम्न आय वर्ग के हितग्राहियों के लिए बनाया जा रहा है। जिनकी वार्षिक आय 6 लाख रूपए या 6 लाख रूपए से कम होना चाहिए। इस भवन का मूल्य 11.20 लाख रूपए से 11.80 लाख रूपए है। एलआईजी भवन 2-बीएचके जिनकी सुपर बिल्टअप एरिया 661.202 वर्गफीट है। जिसमें दो बेडरूम 10*11 फीट में बालकनी अटैच, हॉल 10*15 फीट, किचन 7*8 फीट अटैच वॉस ऐरिया एवं टायलेट-बाथ होगा। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in से पंजीयन कर सकते है।

# छात्राएं सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक विकास की मुख्य धुरी : संतोष पाण्डेय



कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय में वार्षिक पदक वितरण समारोह संपन्न, मेधावी छात्राओं को मिले स्वर्ण पदक

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, के वार्षिक पदक वितरण समारोह का आयोजन गुरूवार 26 फरवरी को महाविद्यालय ऑडिटोरियम में किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सासंद संतोष पाण्डेय एवं विशिष्ठ अतिथिगणों ने श्रीमती कमलादेवी राठी का भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये तथा महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर स्थापित माँ सरस्वती प्रतिमा पर द्वीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना एवं राष्ट्रगीत वंदेमातरम् तथा राज्यगीत समोहिक गायन किया गया।

संस्था प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि हमारा महाविद्यालय जिले का एकमात्र महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय है। जिसे नैंक द्वारा ए-ग्रेड दिया गया है। जहां एक साथ चार संकायों - कला विज्ञान, वाणिज्य, एवं गृहविज्ञान में अध्यापन कार्य होता है। इसके आलावा पीजीडीसीए, डीसीए, पीजी डिप्लोमा इन योगा की कक्षाऐं भी संचालित है।

समारोह के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय ने अपने मुख्य उद्बोधन में कहा कि छात्राएं सहज, सरल रूप में समाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक विकास की मुख्य धूरी होती है। मां भारती की सच्ची सेवा उच्च शिक्षित छात्राएं ही विशेष पहल से हो सकती है। केन्द्र और राज्य में स्थापित हमारी डबल इंजन सरकार मातृ शक्ति के उत्थान एवं समग्र विकास हेतु विशेष कार्य योजनाएं लागू कर रही है। समारोह अध्यक्ष महापौर मधुसूदन यादव एवं विशेष अतिथि पूर्व सांसद अशोक शर्मा ने भी छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए महाविद्यालय के भौतिक अधो-संरचना विकास हेतु तथा अन्य मांगो पर विचार कर शीघ्र पूरा करने की घोषणा की। इस अवसर पर समारोह में छात्राओं द्वारा भारतीय लोक कला और छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर केन्द्रित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। महाविद्यालय पदक वितरण समारोह में सर्वप्रथम मंच से घोषित सात विधाओं के स्वर्णीम पदक एवं प्रमाण पत्र छात्राओं को मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय, महापौर मधुसूदन यादव एवं विशेष अतिथियों के करकमलों से छात्राओं को प्रदान किये गए। महाविद्यालय परिवार एवं जनभागीदारी सदस्यों द्वारा छात्राओं को सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही संस्था प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया एवं अध्यक्ष सुश्री मणीभास्कर गुप्ता तथा वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा सभी अतिथियों को विशेष कला, संस्कृति प्रतिक स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। समारोह के प्रथम सत्र का श्रेयस्कर संचालन डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी एवं द्वितीय सत्र का संचालन डॉ. बसंत कुमार सोनबेर तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का संयोजन श्रीमती रामकुमारी धुरवा एवं छात्राओं प्रज्ञा बाम्बेश्वर, दिव्या शर्मा द्वारा संचालन किया गया। अभार प्रदर्शन आयोजन प्रभारी डॉ. निवेदिता ए. लाल द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय समारोह अध्यक्ष महापौर मधुसूदन यादव विशिष्ठ अतिथियों पूर्व सांसद अशोक शर्मा समाजसेवी संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, कोमल सिंह राजपूत, भरत वर्मा, पुखराज कांकरिया, नरेश बैद 'पतली' सहित जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मणीभास्कर गुप्ता और वरिष्ठ सदस्यगण विशेष रूप से उपस्थित रहकर सक्रिय सहभागिता दी।

# जिला चिकित्सालय बालोद में कमालः टूटी जांघ की हड्डी का सफल ऑपरेशन, 56 वर्षीय महिला को नई जिंदगी



**बालोद(दावा)। जिला चिकित्सालय बालोद ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बेहतर इलाज के लिए अब बड़े शहरों की दौड़ जरूरी नहीं। 56 वर्षीय महिला की दायीं जांघ की हड्डी (फीमर) टूटने के बाद अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने जटिल सर्जरी कर उन्हें नया जीवन दिया।**

गंभीर दर्द से कराहती महिला को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद विशेषज्ञों की निगरानी में ऑपरेशन की तैयारी की गई। सिविल सर्जन डॉ. आर.के. श्रीमाली के मार्गदर्शन में अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज सोरी, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. एन.के. साहू एवं निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. अविनाश मंडावी की टीम ने सूझबूझ और दक्षता से ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

ऑपरेशन के दौरान ओटी स्टाफ -श्रीमती एस. देवदास, श्रीमती एस. नेताम, श्रीमती शिरीन, कु. पूर्णिमा, श्रीमती पिंकी, श्री चैतराम, भगवती एवं कोमल ठ्ठ की सक्रिय भूमिका रही। टीमवर्क और तत्परता के चलते सर्जरी पूरी तरह सफल रही। चिकित्सकों के अनुसार समय पर उपचार मिलने से मरीज की हालत अब स्थिर है और तेजी से स्वास्थ्य लाभ हो रहा है। परिजनों ने भावुक होकर कहा कि सरकारी अस्पताल में ही बेहतर और निःशुल्क उपचार मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली। लगातार जटिल सर्जरियों की सफलता से जिला चिकित्सालय बालोद आमजन के लिए भरोसे का केंद्र बनता जा रहा है।

## अटल विहार योजना अंतर्गत आशा नगर में निर्मित एमआईजी, एलआईजी एवं ईडब्ल्यूएस भवनों के लिए पंजीयन प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल विहार योजना के तहत राजनांदगांव शहर के आशा नगर में सर्व सुविधायुक्त कालोनी विकसित की गई है। यह कॉलोनी शहर के रेवाडीह नेशलन हाईवे जीई रोड़ से मात्र 300 मीटर की दूरी, मां पाताल भैरवी मंदिर से मात्र 700 मीटर की दूरी पर स्थित है। यहां से नया बस स्टैण्ड ढाई किलोमीटर और रेलवे स्टेशन 3.50 किलोमीटर। की दूरी पर स्थित है। कॉलोनी में बच्चों के लिए प्लेग्राउण्ड, गार्डन, स्टिल्ट पार्किंग, लिफ्ट, चौड़ी सड़क सहित अन्य सुविधाएं है। साथ ही बाउंड्रीवॉल, सीसीटीवी और गार्ड रूम से पूर्णतया सुरक्षित है।

अटल विहार योजना के तहत राजनांदगांव शहर के आशा नगर में 1.57 एकड़ भूमि पर विभिन्न आय वर्गों के लिए मकान बनाया जाएगा। जिसमें एमआईजी भवन 32 नग, एलआईजी भवन 48 नग, एवं ईडब्ल्यूएस भवन 16 नग बनाया जाएगा। जिसके तहत एमआईजी भवन (2-बीएचके) जिनकी कुल क्षेत्रफल 800.32 वर्गफीट एवं राशि 22.30 लाख रूपए है। हितग्राही 2.30 लाख रूपए में पंजीयन कर सकते है। जिसमें 11*12 फीट का दो बेडरूम एक में बॉलकनी अटैच, 12*18 फीट का हॉल, 8*10 फीट का किचन, दो टायलेट-बाथ अटैच एवं कॉमन रहेगा। एलआईजी भवन (2-बीएचके) जिनकी कुल क्षेत्रफल 622.24 वर्गफीट एवं राशि 17.40 लाख रूपए है। 3 से 6 लाख रूपए तक आय वर्ग के हितग्राही 50 हजार रूपए में पंजीयन कर सकते है। जिसमें दो बेडरूम 10 11 फीट में बालकनी अटैच, हॉल 1015 फीट, किचन 78 फीट अटैच वॉस ऐरिया एवं टायलेट-बाथ एवं ईडब्ल्यूएस भवन (1-बीएचके) जिनकी कुल क्षेत्रफल 405 वर्गफीट एवं राशि 9.50 लाख रूपए है। 3 लाख से कम आय वर्ग के हितग्राही मात्र 25 हजार रूपए में पंजीयन करा सकते है। जिसमें बेडरूम 1039.50 फीट बालकनी अटैच, हॉल 1139.50 फीट, किचन 636 फीट अटैच वॉस ऐरिया एवं टायलेट-बाथ रहेगा। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल की वेबसाईट www.cghb.gov.in से पंजीयन कर सकते है। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग राजनांदगांव जीई रोड नया बस स्टैण्ड व्यवसायिक परिसर प्रथम तल राजनांदगांव से प्राप्त की जा सकती है।

# अंतरराष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह में राजनांदगांव के डॉ. सिन्हा ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान



○ लय शाला में दादा-पोती की कथक प्रस्तुति ने मोहा देश भर से आए प्रबुद्धजनों का मन
○ रायगढ़ और लखनऊ घराने की बारीकियों के साथ गुरु-शिष्य परंपरा पर दिया व्याख्यान

राजनांदगांव (दावा)। विश्व प्रसिद्ध 52वें अंतरराष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह में राजनांदगांव के वरिष्ठ कथक गुरु डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने अपनी कला और विद्वत्ता से छत्तीसगढ़ का परचम फहराया है। मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह की लय शाला व्याख्यान माला के अंतर्गत डॉ. सिन्हा ने भारतीय ज्ञान परंपरा और गुरु-शिष्य संबंधों पर प्रभावी प्रस्तुति दी। चक्रधर कथक कल्याण केंद्र के संस्थापक डॉ. सिन्हा ने लखनऊ और रायगढ़ घराने की विशेषताओं को प्रायोगिक रूप से प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने अपनी पोती कुमारी प्रसिद्धि सिन्हा के साथ कथक के तकनीकी पक्षों का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उल्लेखनीय है कि डॉ. सिन्हा 'त्रिवेणी' कार्यक्रम के माध्यम से अपने पुत्र तुषार सिन्हा और अब तीसरी पीढ़ी (पोती) के साथ इस शास्त्रीय कला को जीवंत रख रहे हैं। जिसे राष्ट्रीय स्तर पर खूब सराहा जा रहा है।

### सनातन ऋषि परंपरा और नवाचार पर जोर

डॉ. सिन्हा ने व्याख्यान में बताया कि कैसे एक शिष्य अपने गुरु (ऋषि-मुनियों) से प्राप्त ज्ञान को साधना, अनुशासन और निष्ठा के साथ आगे ले जाता है। उन्होंने अपने गुरु, रायगढ़ दरबार के कलाकार प्रो. कल्याण दास महंत एवं पद्म विभूषण पं. बिरजू महाराज से प्राप्त शिक्षाओं का उल्लेख किया। इस दौरान उन्होंने पुरातन मंदिरों में प्रचलित कथा गायन परंपरा और उसमें किए जा रहे अपने नवाचारों को भी साझा किया।

समारोह के दौरान डॉ. कृष्ण कुमार सिन्हा ने देश भर से आए युवा कथक कलाकारों को रायगढ़ घराने की अप्रचलित और दुर्लभ नृत्य संरचनाओं का विशेष प्रशिक्षण भी दिया। प्रबुद्धजनों और कला समीक्षकों ने छत्तीसगढ़ की इस सांस्कृतिक चेतना और गुरु-शिष्य परंपरा के प्रति डॉ. सिन्हा के समर्पण की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस उपलब्धि की जानकारी डोमेश्वर ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से साझा की है।

# सोमनी क्षेत्र में बगैर मुखौटे के मनेगी होली, डीजे की आवाज पर रहेगी पुलिस की लगाम



शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी ने जारी किए सख्त निर्देश, सरपंचों और कोटवारों को सौंपी जिम्मेदारी

**राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन पर अगामी होली त्यौहार के मद्देनजर सोमनी थाना क्षेत्र में लोगों को कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा शांति और सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में होली त्योहार मनाए जाने की अपील की गई है।**

सोमनी थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि उक्त हेतु थाना क्षेत्र के ग्राम सरपंचों, जनप्रतिनिधियों एवं कोटवारों को शांति समिति के बैठक में शामिल होने आहूत कर 27 फरवरी को थाना सोमनी परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उनकी अध्यक्षता में बैठक में नशे से बचने, डीजे का आवाज कम रखने, जबरन रंग गुलाल नही लगाने, मुखौटा का उपयोग नही करने, होलिका दहन निर्धारित समय पर करने तथा ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों का पालन करने के साथ साथ सद्भावना पूर्वक त्यौहार मनाने के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशो से अवगत कराया गया एवं होली त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गयी।

# आगामी 7 मार्च से 14 अप्रैल तक पंडित उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाना है - रविंद्र वैष्णव



भाजपा ने बैठक करके बनाई रूपरेखा

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर व ग्रामीण भाजपा द्वारा विगत दिनों स्थानीय विश्रामगृह में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला की तैयारी को लेकर एक बैठक रखी गई। बैठक में आगामी दिनों में होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारी एवं रूपरेखा को लेकर आवश्यक जानकारी कार्यकर्ताओं को दी गई।

बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र वैष्णव ने बताया कि आगामी 7 मार्च से 14 अप्रैल तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला महा अभियान का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में डोंगरगढ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शहर भाजपा मंडल में भी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं को भाजपा की रीति द्ध नीति एवं इतिहास व विकास ,विस्तार एवं दृष्टिकोण केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धि के साथ-साथ जनहितेसी योजनाओं की जानकारी, सोशल मीडिया में नमो ऐप, सरल एप की जानकारी एवं प्रधानमंत्री की मन की बात सहित अन्य विषयों पर कार्यकर्ताओं को जानकारी उपलब्ध कराने कार्यशाला रखी जायेगी। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री जैन कुमार मेश्राम, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, प्रदीप बाघ, अमित जैन, शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, ग्रामीण अध्यक्ष अनिल सिंहा, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, विजेंद्र सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में शहर व ग्रामीण भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## किशोरी लाल साहू ने दी होली की शुभकामनाएं



बालोद (दावा)। पूर्व महामंत्री भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद एवं कार्यकारी अध्यक्ष साहू संघ जिला बालोद किशोरी लाल साहू ने समस्त जिलेवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का प्रतीक पर्व है। यह त्योहार समाज में एकता, सद्भाव और खुशहाली का संदेश देता है।

श्री साहू ने सभी नागरिकों से अपील की है कि होली का पर्व सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण में मनाएं। प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें तथा एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए खुशियां बांटे। उन्होंने कामना की कि यह रंगों का पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और उन्नति लेकर आए।

# छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ का चुनाव 28 मार्च को, नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ



योगेश चौरे ने 26 फरवरी को चुनाव अधिकारी के समक्ष प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु नामांकन जमा किया

डोंगरगढ़ (दावा)। संघ के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम एवं जारी अधिसूचना के अनुसार दिनांक 26 फरवरी को राज्य निर्वाचन अधिकारी घनश्याम शर्मा के समक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष पद (एकमात्र निर्वाचित पद) हेतु प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे ने विधिवत नामांकन प्रस्तुत किया गया।निर्धारित समयानुसार दोपहर 2:00 बजे तक नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण की जानी थी।राजधानी रायपुर स्थित संघ के प्रांतीय कार्यालय, तेलीबांधा मरीन ड्राइव मस्जिद के पास, चुनाव अधिकारियों की उपस्थिति में यह नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। इस अवसर पर बस्तर संभाग के प्रस्तावक सनकु कर्मा प्रांतीय सचिव एवं जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रही तथा सरगुजा संभाग के आदेश रवि जिला अध्यक्ष सूरजपुर एवं प्रांतीय सचिव का सशक्त समर्थन प्राप्त हुआ। साथ ही जिला राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, रायपुर, सूरजपुर, बलरामपुर सहित विभिन्न जिलों के साथियों के सहयोग से सैकड़ों कर्मचारियों की ऐतिहासिक उपस्थिति में नामांकन भरा गया। वर्तमान में संघ के प्रांतीय अध्यक्ष बिंदेश्वर राम रौतिया एवं चुनाव अधिकारी घनश्याम शर्मा की गरिमा में उपस्थिति रही।

0 यह केवल नामांकन नहीं, बल्कि कर्मचारियों के सम्मान और अधिकारों के लिए सामूहिक संकल्प का प्रतीक है - योगेश चौरे

प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी व संघ के प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे ने कहा कि,आज का दिन मेरे लिए भावनात्मक एवं ऐतिहासिक रहा। बस्तर, सरगुजा, मेरे गृह जिला राजनांदगांव तथा दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर संभाग के साथियों का स्नेह, विश्वास और समर्थन अभूतपूर्व रहा। यह केवल नामांकन नहीं, बल्कि कर्मचारियों के सम्मान और अधिकारों के लिए सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।उल्लेखनीय है कि मतदान दिनांक 28 मार्च को संपन्न होगा।इस अवसर पर दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष सनकू कर्मा, सूरजपुर जिलाध्यक्ष व प्रांतीय सह-सचिव आदेश रवि, प्रांतीय सचिव व मुंगेली जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, संचालनालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुरेश ढीढी, युवा मोर्चा रायपुर के जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, संयुक्त सचिव लोकेश वर्मा, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष हरिशचंद्र यादव, नारायणपुर जिलाध्यक्ष मंगलू उसेंडी, प्रदेश महामंत्री कुंजन सिंह बघेल, शिरोमणि, संध्या, अमेरिका, अमित वैष्णव, कृष्णा यादव, सोनू साहू सहित बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर क्विज एवं ई-पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिनांक 28 फरवरी, शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ई. वी. रेवती तथा वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं विज्ञान संकाय के प्राध्यापकों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया।

तत्पश्चात डॉ. देवश्री देवांगन ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान के क्षेत्र में इसके ऐतिहासिक महत्व एवं वैज्ञानिकों के योगदान की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। सहा.प्राध्या.अविनाश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और प्रश्न पूछने की प्रवृत्ति ही नवाचार और विकास का आधार है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान विभाग द्वारा 'विज्ञान में महिलाएं विकासशील भारत को उत्प्रेरित करना।' विषय पर क्विज प्रतियोगिता एवं ई-पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मीनेश्वरी एवं नम्रता हठीले, द्वितीय स्थान सुजाता एवं डेमिन एवं तृतीय स्थान ज्ञानेन्द्र द्विवेदी एवं शालिनी पटेल ने प्राप्त किया। इसी प्रकार ई-पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्ञानेन्द्र द्विवेदी द्वितीय स्थान आफरीन खान ने प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में सहा.प्राध्या. बेदप्रकाश साहू एवं पुर्वेश बांधव उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रेजेंटेशन को प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक बिंदुओं पर मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता डॉ. गोकुल प्रसाद साहू, डॉ. रोशनी राठौर, गौरव तिवारी, डॉ. देवश्री देवांगन, प्रिया ठाकुर, रोशन साहू एवं लक्ष्मीकांत साहू सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्राध्या. ओमप्रकाश वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार व्यक्त किया गया।



## मोहला में शिक्षकों की पदोन्नति पर सम्मान समारोह

### डीईओ कार्यालय में सौंपा अभिनंदन

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के नेतृत्व में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुँचा और सहायक शिक्षकों की प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति पर हर्ष व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू को पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर सम्मान किया। साथ ही तीनों विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं संबंधित लिपिकों के प्रति आभार जताया। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष शंकर साहू ने कहा कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में सहायक शिक्षकों का प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत होना गौरव का विषय है। इससे विद्यालय प्रबंधन को मजबूती मिलेगी और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा। जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने पदोन्नत शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए नई जिम्मेदारी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। पदोन्नति के बाद कार्यालय परिसर में शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की।

# ग्राम भैंसरा का पंचायत भवन जर्जर स्थिति पर सरपंच उतरा उईके ने की नवीन भवन की मांग

डोंगरगढ़ (दावा)। समीपस्थ ग्राम भैंसरा के ग्राम पंचायत भवन जर्जर स्थिति पर है। पंचायत प्रतिनिधियों की माने तो भवन का निर्माण 1990 को किया गया था। भवन की स्थिति वर्तमान में चारो ओर से क्षतिग्रस्त अवस्था में है।



सरपंच श्रीमति उतरा राजेश उईके ने बताया कि पिछले बारिश में हम लोग कैसे बैठ कर ग्राम पंचायत की बैठक व नियमित रूप से ग्राम पंचायत की कार्य कर रहे हैं। हम ही जानते हैं। इस संबंध में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित स्थानीय जन प्रतिनिधियो को निरंतर अवगत कराया गया है।

फिर भी इस भवन के सम्बन्ध कोई ठोस निराकरण नहीं हो पा रहा है। भवन की छत कब किसके ऊपर गिर जाए इसकी चिंता बनी रहती है। हर बैठक में ग्रामीण जनों ने इस संबंध में आवाज उठाते रहते हैं। इस वजह से ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा की बैठके बाहर जगह पर लेना पड़ता है। इस ग्राम पंचायत भवन के कैंपस पर प्राथमिक शाला है। जहां पर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे आसपास खेलते रहते। जो कही अप्रिय दुर्घटना न इस परिस्थिति को देखते हुए। इस भवन को क्षतिग्रस्त मानते हुए। नवीन ग्राम पंचायत भवन की स्वीकृति किया जाए। ताकि ग्राम पंचायत भैंसरा ग्रामवासियों को निर्भय होकर अपना काम हेतु आकर बैठ सके।

# संत कबीर के विचार आज भी मार्गदर्शक, छत्तीसगढ़ को बनाएंगे अग्रणी राज्य : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



**नादिया कबीर मठ में आयोजित संत सम्मेलन में हुए शामिल, वार्षिक आयोजन हेतु 11 लाख की स्वीकृति, मिनी स्टेडियम और प्रवेश द्वार की घोषणा**

राजनांदगांव (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज डोंगरगांव विकासखंड के कबीर मठ धाम नादिया (खुज्जी) में श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फाल्गुन पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन में देशभर से पहुंचे सभी संतों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिवर्ष संत सम्मेलन के आयोजन के लिए 11 लाख रूपए की स्वीकृति दी। ग्राम नादिया में डोम के निर्माण, मिनी स्टेडियम के निर्माण की घोषणा की। राजनांदगांव में कबीर साहेब के नाम से प्रवेश द्वार होगा। उन्होंने कहा कि संत सम्मेलन के लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फाल्गुन महोत्सव के रूप में कबीर मठ धाम नादिया में तीन दिवसीय अखिल भारतीय सद्गुरू कबीर संत सम्मेलन तथा चौका आरती, सात्विक महायज्ञ और भंडारा का बहुत अच्छा आयोजन हो रहा है। उन्होंने सम्मेलन में शामिल होने और संत समाज से मिलने का अवसर प्रदान करने के लिए आयोजन समिति को धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संत कबीरदास की प्रेरणास्थली में दानवीर भक्त मालगुजार मंगतू ठाकुर हल्बा आदिवासी समाज से हैं और उन्होंने स्वयं को कबीर पंथ को सौंप दिया है। हल्बा आदिवासी समाज का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। हल्बा समाज के शहीद गैंद सिंह ने आजादी के स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। संत कबीर साहेब की वाणी का छत्तीसगढ़ में बहुत प्रभाव है। प्रदेश के एक जिले का नाम संत कबीर के नाम से कबीरधाम है। उन्होंने बताया कि जशपुर जिले के उनके गृह ग्राम बगिया में कबीर पंथ के अनुयायी है और कुनकुरी में उनका आश्रम है, इसलिए वे कबीर पंथ के रीति-रिवाजों से परिचित है। उन्होंने कहा कि संत कबीर के विचार एवं संदेश आज भी मार्गदर्शक और प्रासंगिक है। उन्होंने कबीर के दोहे का स्मरण करते हुए सदैव सद्गुरू के बताए मार्ग पर चलने कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है और यहां की 80 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि कृषक उन्नति योजना के तहत प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत किसानों को 10.324 करोड़ रूपए की राशि से लाभान्वित किया गया है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि का भुगतान समय पर किया जा रहा है। सरकार प्रदेश के किसानों एवं जनता के हित के लिए वचनबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो वादा किया था, उसे मोदी की गारंटी के तहत पूरा किया है। सरकार बनते ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास की स्वीकृति प्रदान की गई तथा अब तक 8 लाख से ज्यादा आवास बन गये है। दो साल का बकाया बोनस किसानों को प्रदान किया गया। तेंदूपत्ता, चरण पादुका, श्रीरामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना जैसी योजनाओं से जनमानस लाभान्वित हो रहे है। शासन की नवीन औद्योगिक नीति बहुत अच्छी है। जिसके माध्यम से युवाओं को रोजगार देने तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही 500 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। सरकार द्वारा स्वच्छ प्रशासन देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाना है।

जिले के प्रभारी मंत्री एवं स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी कार्य विभाग मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विविधता भरी संस्कृति का भाव कहीं अन्य देखने नहीं मिलता है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विगत वर्षों में आगे बढ़ा रहा है एवं अब मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश उन्नति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री निवास में संत एवं साधु समाज उनसे भेंट करने हमेशा आते रहते है। उन्होंने मुख्यमंत्री के भावों को व्यक्त करते हुए बताया कि कितने भी व्यस्त रहे, लेकिन सप्ताह में एक दिन अपने परिवार के साथ भोजन अवश्य करें। इससे अपने परिवार जनों के मन के भाव को जान सकेंगे। सत्संग का लाभ लें तथा अपने परिवार से जुड़ें।

सांसद संतोष पाण्डेय ने संत सद्गुरूओं के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि भारत की पवित्र धरती सदैव संतों, धर्माचार्यों और समाज को दिशा देने वाले महापुरूषों की जन्मस्थली रही है। समय-समय पर ऐसे संतों ने समाज को सत्य और धर्म का मार्ग दिखाया है। सदगुरू सेवा साहेब और उनका पुण्य प्रताप इतना अधिक था। सद्गुरू सेवा साहेब की पुण्य परंपरा आज भी समाज को प्रेरित कर रही है। उन्होंने बताया कि आदिवासी संत मंगतुराम ठाकुर ने अपना सर्वस्व समाज और धर्म के लिए अर्पित कर त्याग और सेवा का अद्भूत उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके इस योगदान को समाज हमेशा स्मरण रखेगा। उन्होंने कहा कि संतों की यह परंपरा निरंतर समाज को सही दिशा देती रही है और यह मठ उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहा है। संत कबीर साहेब की वाणी का उल्लेख करते हुए कहा गया कि उनकी शिक्षाएं प्रासंगिक हैं। संतों की वाणी मानवता और समाज को प्रेम, संतोष और सदाचार का मार्ग एवं सही राह दिखाती है।

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि संत कबीर साहेब के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत कबीर एक मध्य मार्गी संत थे। उन्होंने जीवन में सभी धर्मों के प्रति समभाव और समानता का संदेश दिया है। महापौर ने कहा कि संत कबीर ने मानव समाज को प्रेम, भाईचारा और सदाचार का जो संदेश दिया है, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि यदि संत कबीर साहेब के आदर्शों और शिक्षाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया जाए, तो परिवारों में सुख-शांति बनी रहेगी। महापौर ने कहा कि संत कबीर साहेब का मार्गदर्शन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनके बताए मार्ग पर चलकर भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। कार्यक्रम को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी एवं धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पंथ हुजूर मंगल साहेब, संत गिरवर साहेब, सुश्री साध्वी सुमेधा साहेब, संत डॉ. हरीश दास, संत डॉ. भागीरथी साहेब, संत रतनस्वरूप साहेब, महात्मा लेखचंद साहेब, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल योगेश दत्त मिश्रा, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, उपाध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित भरत वर्मा, अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंगरगांव श्रीमती रंजीता पड़ोती, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजू त्रिपाठी, सरपंच ग्राम पंचायत नादिया श्रीमती वंदिता ठाकुर, पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव सोमावार, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में कबीर पंथ के अनुयायी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं : एसपी अंकिता शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने निकाला भव्य फ्लैग मार्च

## 300 जवानों के साथ शहर की सड़कों पर उतरीं एसपी, 100 फिक्स पॉइंट और 50 पेट्रोलिंग पार्टियां रखेंगी नजर



राजनांदगांव (दावा)। होली के पावन पर्व को शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। रविवार को पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के नेतृत्व में जिला पुलिस बल ने शहर के मुख्य मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला। इस मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का भाव जगाना और असामाजिक तत्वों के मन में कानून का भय पैदा करना है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर की मौजूदगी में यह फ्लैग मार्च पुलिस लाइन से प्रारंभ हुआ। लगभग 300 पुलिस अधिकारियों और जवानों का यह काफिला गुरुद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, भारत माता चौक और गंज चौक सहित शहर के सभी प्रमुख चौराहों से गुजरा। पैदल मार्च के जरिए पुलिस ने संदेश दिया कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था तोड़ने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### ड्रोन से निगरानी और सादी वर्दी में तैनात रहेगी पुलिस

होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए पुलिस ने पुख्ता कार्ययोजना तैयार की है। शहर के विभिन्न इलाकों में 100 से अधिक फिक्स पॉइंट बनाए गए हैं। त्योहार के दौरान 50 से अधिक पेट्रोलिंग पार्टियां निरंतर शहर में भ्रमण करेंगी। हुड़दंगियों पर लगाम कसने के लिए ड्रोन कैमरों से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। असामाजिक तत्वों को पकड़ने के लिए सादी वर्दी में पुलिस बल और महिला पुलिस की विशेष टीमें तैनात रहेंगी।

### नियम तोड़ने वालों पर होगी ऑन द स्पॉट कार्रवाई

एसपी सुश्री अंकिता शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शराब पीकर वाहन चलाने, स्टंट करने, तीन सवारी बैठने और हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि होली का पर्व आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ मनाएं। जबरन रंग लगाने या अभद्र व्यवहार से बचें। किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करें। हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से पालन करें और नाबालिगों को वाहन न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम या नजदीकी थाने में दें।










स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com